


# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 174/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 21 जनवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


## आज सोने-चांदी के दाम में तेजी

सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 21 जनवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 104 रुपए बढ़कर 79,449 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले सोने का दाम 79,345 रुपए प्रति दस ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 875 रुपए बढ़कर होकर 91,075 रुपए प्रति किलो हो गई।




सांध्यप्रकाश विशेष

## शिवराज मामा ने बेटों के विवाह समारोह में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और खरगे को आमंत्रित किया



भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने दोनों बेटों, कुणाल और कार्तिकेय की शादी के अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया है। सोमवार को शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आगामी विवाह समारोह के लिए व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिया।

शिवराज सिंह चौहान ने इसके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, कमलनाथ और जीतू पटवारी के आवास पर जाकर भी शादी का निमंत्रण दिया। उन्होंने विपक्षी नेताओं को विवाह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हुए इसे सामाजिक और राजनीतिक समरसता का प्रतीक बताया है।

दोनों बेटों की शादी की तारीख और स्थान शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कुणाल चौहान की शादी 14 फरवरी 2025 को भोपाल में होगी। उनकी मंगेतर रिद्धि जैन, जो बचपन की दोस्त हैं, भोपाल की निवासी हैं। रिद्धि के पिता आदित्य बिड़ला ग्रुप में वाइस प्रेसीडेंट हैं। कुणाल और रिद्धि की सगाई 23 मई 2024 को भोपाल में ही हुई थी।

## गौतम अडाणी ने महाकुंभ में भंडारे की शुरुआत की, लोगों को भोजन परोसा

प्रयागराज। महाकुंभ का आज 9वां दिन है। बिजनेसमैन गौतम अडाणी महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने कहा-




मैं यहां आकर बहुत उत्साहित हूं। इस्कॉन मंदिर में भगवान कृष्ण की आरती की। इस्कॉन शिविर और अडाणी ग्रुप की ओर से भंडारे की शुरुआत की। भंडारे में दाल, सोयाबीन और आलू की सब्जी, रोटी, पूड़ी और हलवा परोसा। खुद भंडारे में भोजन किया। वह संगम और लेटे हनुमान जी मंदिर भी जाएंगे।। वहां से संगम जाएंगे।

1 फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, 5 को पीएम मोदी और 10 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाकुंभ में आएंगी। दोपहर 12 बजे तक 27.41 लाख लोगों ने स्नान किया। अब तक 9 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं, जबकि 10 लाख से अधिक लोग महाकुंभ के दौरान कल्पवास कर रहे हैं। सोमवार, 22 जनवरी तक 12.79 लाख श्रद्धालु संगम में स्नान करने के लिए पहुंचे, और इस दिन तक कुल 22.79 लाख लोग डुबकी लगा चुके हैं। अनुमान है कि मौनी अमावस्या के दिन 8 से 10 करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान करेंगे, जिसके लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत किया है।

देश और विदेश से बड़ी हस्तियों की भागीदारी-

महाकुंभ में देश-विदेश की कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही है। श्वश्चद्य की मालकिन लॉरेन पॉवेल ने भी संगम में डुबकी लगाई, और इसके अलावा 10 देशों का अंतरराष्ट्रीय प्रतिमंडल भी महाकुंभ का भ्रमण कर चुका है। इस दौरान 21 विदेशी मेहमानों ने संगम में स्नान किया। भारतीय नेताओं में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सांसद रवि किशन सहित कई अन्य नेताओं ने भी इस पवित्र अवसर पर डुबकी लगाई।

## वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने वीआरएस मांगा, केंद्र को आवेदन भेजा



चंडीगढ़। भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1993 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के शिव प्रसाद अतिरिक्त मुख्य सचिव, ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति मांगी है और पंजाब सरकार ने उनका आवेदन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार को भेज दिया है। अगर केंद्र उनका आवेदन स्वीकार कर लेता है, तो उन्हें पदमुक्त कर दिया जाएगा।

यह पहली बार नहीं है जब प्रसाद ने समय से पहले रिटायरमेंट मांगा है। पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के कार्यकाल में भी उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, अमरिंदर सिंह के कहने पर उन्होंने अपने फैसले पर पुनर्विचार किया था। उन्होंने भगवद गीता की शिक्षाओं और आधुनिक जीवन में इसके अनुप्रयोग पर एक पुस्तक, गीता आचरण - एक शुरुआती दृष्टिकोण लिखी है। इस पुस्तक का कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है। इस बात पर बहस चल रही है कि क्या वह राजनीति में शामिल होंगे। वह पूर्व लोकसभा अध्यक्ष जीएमसी बालयोगी के रिश्तेदार हैं।

## गेम चेंजर और पुष्पा 2 के निर्माताओं के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी, कथित टैक्स चोरी का आरोप


नई दिल्ली। आयकर अधिकारियों ने मंगलवार (21 जनवरी) को तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के कई प्रमुख निर्माताओं के घरों और दफ्तरों पर छापेमारी की। इस सूची में प्रमुख फिल्म निर्माता दिल राजू और पुष्पा 2 के निर्माताओं के नाम भी शामिल है। हाल ही संक्रांति पर दिल राजू के प्रोडक्शन में बनी दो बड़ी फिल्मों गेम चेंजर और संक्रांतिकि वस्थुन्नम नाम की फिल्म का निर्माण किया था। वह फिलहाल तेलंगाना फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन के रूप में कार्यरत हैं।



**आठ ठिकानों पर आयकर विभाग के अधिकारी-** सूत्रों के मुताबिक इस ऑपरेशन में 55 टीमों के सदस्य आठ स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं। दिल राजू, जो हाल ही में बड़ी बजट वाली फिल्मों गेम चेंजर और संक्रांति की वास्तुन्नम के निर्माता रहे हैं, इन छापों के केंद्र में हैं। हाल ही में उनके प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म वेंकटेश स्टारर ने फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव की घोषणा

# उज्जैन समेत तीन धार्मिक शहरों में शराबबंदी लागू होगी






उज्जैन। उज्जैन समेत दो-तीन धार्मिक शहरों में शराबबंदी आगामी दो-तीन दिन में लागू कर दी जाएगी। इसका फैसला कैबिनेट की बैठक में लिया जाएगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में शहीद हेमू कालानी दिवस पर आयोजित सिंधी कॉलोनी के कार्यक्रम में की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को अचानक उज्जैन पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले सिंधी कॉलोनी स्थित वीर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, मैं हर साल हेमू कालाणी को नमन करने आता हूं। अमर शहीद हेमू कालाणी ने अपने अल्पायु के जीवनकाल में ही स्वतंत्रता के विभिन्न आंदोलनों को ऊर्जा प्रदान की और जन-जन को जागृत किया। उनके ऋण से राष्ट्र कभी उऋण नहीं हो सकेगा। साथ ही, शराबबंदी को लेकर उन्होंने कहा कि, हम धीरे-धीरे शराबबंदी की नीति की ओर बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में जैन संत से आशीर्वाद लेकर शहर के निजी होटल में चल रहे विवाह समारोह में भी शामिल होने पहुंचेंगे।

### मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर के स्थापना दिवस पर बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर के स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्रिपुरा, माँ त्रिपुरसुंदरी जी की कृपा से अभिसिंचित व अद्वितीय नैसर्गिक सौंदर्य के लिए सुविख्यात है, और मणिपुर, अद्वितिय कला तथा समृद्ध संस्कृति से परिपूर्ण है। मेघालय सहित त्रिपुरा और मणिपुर का प्राकृतिक सौंदर्य भी अद्भुत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह राज्य विकास के नए आयाम गढ़ते हुए सदैव प्रगति करें, नागरिकों के जीवन में खुशहाली आए बाबा महाकाल से यही मंगलकामना है।

## ओडिशा-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, 14 नक्सली ढेर

रायपुर। ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रविवार से जारी मुठभेड़ में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। अब तक कुल 14 नक्सलियों को मार गिराया गया है, जिनमें दो महिला नक्सली भी शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने मौके से दो और नक्सलियों के शव बरामद किए हैं और भारी मात्रा में विस्फोटक, एक एसएलआर और आईईडी समेत अन्य हथियार बरामद किए हैं।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 19 जनवरी की रात ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के पास स्थित छत्तीसगढ़ के कुलारीघाट रिजर्व फॉरेस्ट में नक्सलियों की गतिविधियों की खुफिया जानकारी मिली थी। यहां 60 नक्सलियों के मौजूद होने की सूचना थी। इसके बाद ओडिशा पुलिस के एसओजी और छत्तीसगढ़ पुलिस के ई-30 बल के साथ-साथ सीआरपीएफ के जवानों ने मिलकर संयुक्त अभियान शुरू किया। ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच जारी मुठभेड़ में बड़ी सफलता मिली है। 1 करोड़ के इनामी नक्सली उड़ीसा उड़ीसा स्टेट का चीफ जयराम उर्फ चलपती के मारे जाने की खबर हैं। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को दोनों राज्यों की सीमाओं में घेर लिया था, जिसमें लगभग 1,000 जवानों ने शामिल है।



### 'नक्सल मुक्त भारत' के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, नक्सलवाद को एक और करारा झटका। हमारे सुरक्षा बलों ने 'नक्सल मुक्त भारत' के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। सीआरपीएफ, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर एक संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को मार गिराया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में दिगंबर संत श्री मुनि प्रणाम सागर जी से आशीर्वाद लिया।

### 31 रनों पर मलेशिया को किया ढेर, वैष्णवी शर्मा ने ली हैट्रिक, मैच 2.5 ओवर में जीता भारत

क्वालालंपुर। आईसीसी वूमैन अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप 2025 में टीम इंडिया ने लगातार दूसरा मैच आतिशी अंदाज में जीता। टीम इंडिया ने अपनी



विपक्षी टीम मलेशिया को महज 31 रनों पर ढेर कर दिया। भारत की ओर से वैष्णवी शर्मा ने हैट्रिक समेत कुल 5 विकेट निकाले। टीम इंडिया ने इस मैच को 3 ओवर से भी पहले जीत लिया। 32 रनों का लक्ष्य भारत ने 2.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए हासिल कर लिया।

भाजपा संकल्प पत्र-2

## यूजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा, ऑटो-टैक्सी चालकों के लिए बनेगा बोर्ड

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को संकल्प पत्र को जारी किया। भाजपा तीन चरणों में संकल्प पत्र जारी कर रही है। जिसमें से आज दूसरा भाग जारी किया गया है। जिसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र के दूसरे भाग को पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जारी किया है।



भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। दो बार की यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति भी होगी। यह मोदी की गारंटी है। जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो विकसित दिल्ली की एक अहम भूमिका है। विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025 के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आपके सामने पहले अपनी बात रखी थी, आज उसके दूसरे भाग को लेकर मैं आप सबके सामने आया हूं।

आगे कहा कि हमारी सरकार बनने पर हम स्वास्थ्य, यातायात, बिजली, पानी और परिवहन आदि से जुड़ी समस्याओं का हल करेंगे। दिल्ली वालों को बेहतर आज और बेहतर कल देने का प्रयास करेंगे। भाजपा की जहां भी सरकारें रही, जन-कल्याण उनकी प्राथमिकता और केंद्र बिंदु रहा। केंद्र सरकार में भी हमने राज्यों के सहयोग से नागरिकों की समस्याओं का जहां समाधान किया, वहीं पर उनको सुविधाएं भी दी। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने दलालों को खत्म कर दिया है। डीबीटी के माध्यम से जन-कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। भ्रष्टाचार के प्रति मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। दिल्ली के सरकारी शिक्षण संस्थानों में दिल्ली के जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

### आरजी कर मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय पहुंची ममता सरकार, संजय रॉय के लिए मांगी मौत की सजा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज दुष्कर्म और हत्या मामले में संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के सियालदह कोर्ट के फैसले के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया है। महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने संजय रॉय के लिए मौत की सजा की मांग करते हुए न्यायमूर्ति देबांगशु बसाक की खंडपीठ में याचिका दायर की है। मामले को दायर करने की अनुमति दे दी गई है। इससे पहले आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की मौत मामले में आरोपी संजय राय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

### जीएसटी और इनकम टैक्स ने जीना हराम कर रखा है, राहुल गांधी का केंद्र पर तंज



नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अर्थव्यवस्था के विभिन्न सूचकांकों का हवाला देते हुए मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सवाल किया कि जब सबकी मेहनत से अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है तो क्या उसमें आम लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी मिल पा रही है? उन्होंने दावा किया कि हानिकारक जीएसटी और आयकर की मार ने गरीब और मध्यम वर्ग का जीना हराम कर रखा है, जबकि कॉर्पोरेट घरानों का कर्जा माफ किया जा रहा है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मोदी जी के विकसित भारत की सच्चाई~मेहनत आपकी, मुनाफा किसका? आप सभी के खून पसीने से देश की अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है, लेकिन क्या आपको इसमें उचित हिस्सा मिल रहा है? जरा सोचिए।% उन्होंने दावा किया कि विनिर्माण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 60 साल के सबसे निचले स्तर तक चली गई।

## शेयर बाजार में हाहाकार, एक ही दिन में निवेशकों के डूब गए 5 लाख करोड़

मुम्बई। भारतीय इक्विटी बाजार में मंगलवार, 21 जनवरी को कारोबार में भारी बिकवाली देखी गई। बीएसई सेंसेक्स 848 अंकों से अधिक टूटकर 76,224.79 अंक के इंट्रा डे लो पर आ गया। वहीं, निफ्टी में भी बड़ी गिरावट देखी गई। निफ्टी कारोबार के दौरान करीबन 200 अंक तक फिसल गया था और 23,146 पर ट्रेड कर रहा था। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पद संभालने के तुरंत बाद पड़ोसी देशों पर ट्रेड शुल्क की योजना का खुलासा करने के बाद निवेशक अलर्ट हो गए।

**5 लाख करोड़ रुपये स्वाहा-** दोनों बेंचमार्क सूचकांकों बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में लगभग 1-1 फीसदी की गिरावट आई। सेंसेक्स 848 अंक टूटकर 76,224.79 अंक और निफ्टी 217 अंक टूटकर 23,127.70 अंक पर आ गया। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में आज कारोबार में 2-2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। भारतीय शेयर बाजार में भारी बिकवाली से निवेशकों की संपत्ति में लगभग 5 लाख करोड़ रुपये की कमी आई, क्योंकि बीएसई-लिस्टेड




कंपनियों का कुल मार्केट कैप पिछले सेशन में 432 लाख करोड़ रुपये से घटकर लगभग 427 लाख करोड़ रुपये रह गया। ये हैं शेयर बाजार में गिरावट की बड़ी वजह-

**डोनाल्ड ट्रंप द्वारा महंगे टैरिफ की धमकी-** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार बन चुकी है। पद पर वापसी के साथ ही उन्होंने कनाडा और मैक्सिको पर 1 फरवरी से पहले ही 25 फीसदी टैरिफ लगाने की संभावना के बारे में बता दिया। इसके अलावा ट्रंप ने चीन समेत ब्रिक्स देशों पर महंगे टैरिफ लगाने की धमकी दी है और यूरोपीय देशों को भी संकेत दिया गया है।

**केंद्रीय बजट 2025 से पहले सावधानी-** 1 फरवरी को देश का बजट पेश होने वाला है। ऐसे में निवेशकों की नजर बजट 2025 पर है। वे इस मेगा-पॉलिसी इवेंट पर फोकस कर रहे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेंगी। उम्मीदें अधिक हैं कि सरकार राजकोषीय विवेकशीलता बनाए रखते हुए खपत को बढ़ावा देने, ग्रामीण क्षेत्र को मजबूत करने और विनिर्माण और बुनियादी ढांचे का समर्थन करने के उपायों की घोषणा करेगी। हालांकि, प्रमुख उम्मीदों में कोई भी निराशा पहले से ही कमजोर बाजार भावना को एक और झटका दे सकती है।

### विदेशी निवेशक लगातार निकाल रहे पैसे

अमेरिकी डॉलर में मजबूती और बॉन्ड यील्ड बढ़ने के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा लगातार बिकवाली हाल देखी जा रही है। हाल के महीनों में भारतीय शेयर बाजार में गिरावट के पीछ यह एक प्रमुख कारक रहा है। 2 जनवरी को छोड़कर एफपीआई जनवरी में हर दिन भारतीय इक्विटी बेच रहे हैं और 20 जनवरी तक करीब 51,000 करोड़ रुपये की बिक्री कर चुके हैं।

### नाखुश करने वाले रहे तिमाही नतीजे

इन दिनों कंपनियां चालू वित्त वर्ष के लिए दिसंबर तिमाही के अपने नतीजे जारी कर रही हैं। ऐसे में जिन कंपनियों के नतीजे अब तक जारी किए गए हैं उनसे निवेशक बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं हुए हैं। कमजोर त्त1 और त्त2 आय के बाद दिसंबर तिमाही के नतीजे अब तक सप्राइजिंग नहीं रहे हैं। एनालिस्ट का कहना है कि इनकम के मोर्चे पर निराशा से बाजार सेंटिमेंट्स कमजोर बनी हुई है।

# श्रीराम, सीता, लक्ष्मण जी और हनुमान महाराज मूर्ति की अभिजीत मुहूर्त में हुई प्राण प्रतिष्ठा



## भगवान के दिव्य श्रृंगार के बाद महाआरती का हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

**संत हिरदाराम नगर।** सैनिक कॉलोनी स्थित नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर 17 जनवरी से 23 जनवरी तक श्री हनुमान महाराज और श्रीराम दरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन चल रहा है। आयोजन के चतुर्थ दिवस कार्यक्रम के ब्रम्हा हरिशंकर तिवारी, उज्जैन महाकाल से आचार्य चेतन्य स्वरूप महाराज, पंडित मिथुन शर्मा, पंडित जीवन प्रसाद तिवारी, पंडित दीपक मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ विधि विधान से पूजन सम्पन्न करवाई। इस दिन सुबह आवाहित देवता पूजन, अभिजीत मुर्हूत में प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ किया गया। इसके बाद भगवान का दिव्य श्रृंगार किया गया जिसमें भगवान को चांदी का मुकुट, आभूषणों की माला, सुगंधित पुष्पों की बनी माला अर्पित किए गए। शाम को पंडित कपिल शर्मा, पंडित देवेंद्र शर्मा, पंडित प्रवीण शर्मा, पंडित हरिओम भारद्वाज, पंडित अंकित दीक्षित द्वारा महाआरती की गई, जिसमें अयोध्या से वत्स महाराज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर कैलाश मिश्रा, सुशील वासवानी, रमेश किशनानी, महेश गर्ग, विशाल पुरोहित, विष्णु विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि 21 जनवरी को आवाहित देवता पूजन, श्री हनुमंत आचार्य सहस्त्र पदार्थो द्वारा महाआहूति एवं रामचरित्र मानस पाठ किया जाएगा। 22 जनवरी को कन्याभोज, ब्राम्हण भोज एवं आम भण्डारा किया जाएगा। 23 जनवरी को भजन कीर्तन रामधुनी होगी। इस अवसर पर अखण्ड रामायण पाठ भी चलेगा।

### भगवान के दर्शन से अनंत गुणों का फल मिलता है-चैतन्य स्वरूप महाराज

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चैतन्य स्वरूप महाराज ने कहा कि भगवान के दर्शन से अनंत गुणों का फल मिलता है। हनुमान जी प्रसन्न होने वाले देव हैं। अपनी दिनचर्या का कोई भी कार्य करते हुए भी यदि उनके नाम का स्मरण किया जाए तो इतने मात्र से ही आपके सारे संकट दूर हो जाते हैं। जो व्यक्ति श्री हनुमान जी का नाम स्मरण कर लेता है वह भय से मुक्ति प्राप्त कर लेता है और उसके बुद्धि, यश, शौर्य, साहस और आरोग्य में वृद्धि होती है। हनुमान जी श्रीराम नाम जप के स्मरण से भी प्रसन्न होते हैं।

# देश की अखंडता और सनातन संस्कृति को समर्पित: महामंडलेश्वर संजना सखी



**भोपाल।** पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने बताया कि हम भोपाल वासियों के लिए बड़े गर्व का विषय है कि मप्र की प्रथम किन्नर समाजसेवी, स्टेट इलेक्शन आइकन और सनातन रक्षक किन्नर संजना सिंह राजपूत अब संजना सखी के नाम से पूरे भारत व देश विदेश में पहचाना जाएगा। उन्हें उत्तर प्रदेश प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में विश्व की प्रथम जगतगुरु किन्नर हिमांगी सखी मां ने वैष्णव किन्नर अखाड़ा से प्रदेश की प्रथम किन्नर श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर की पदवी प्रदान की। मप्र के भोपाल में रहते हुए संजना स्वत: प्रेरणा से समाजसेवा में काफी समय से सक्रिय रहीं हैं ओर अब वे कहती हैं कि जीवन के सभी पहलुओं से प्रेरणा लेते हुए आज समाज के जनों ने ही मुझे समाज के प्रति समर्पित होने को प्रेरित किया और आज समाजसेवा से मिले पुण्य ने मुझे पूर्णत: धर्म के मार्ग पर मोड़कर ये सम्मान भरा जीवन जीने के लिए दे दिया। महामंडलेश्वर की पदवी मिलने के बाद संजना सखी ने कहा कि अब आगे समाज में सबसे पहले ये लैंगिक भेदभाव के प्रति लोगों के दृष्टिकोण और नजरिये को बदलने के लिए प्रयासरत रहूंगी। मेरा प्रयास रहेगा कि हमारे देश की मौलिकता, अखंडता, संस्कृति, सभ्यता और संस्कार को लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक करूंगी।

# निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था न मिलने पर महापौर ने दरोगा को लगाई फटकार



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर के वार्डो में सफाई व्यवस्था ठप है। जगह-जगह कचरों का ढेर लगा रहता है जो समय पर नहीं उठाया जाता है जिसकी बदबू और गंदगी के कारण रहवासी परेशान होते हैं। सोमवार को महापौर मालती राय ने जोन 1 के वार्ड क्रमांक 4 में स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में सफाई न मिलने पर संबंधित दरोगा को फटकार लगाई और अतिक्रमण पाए जाने पर महापौर ने अधिकारी को पद से हटाने के सख्त निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि शहर में अतिक्रमण बढ़ते जा रहा है लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। रहवासी क्षेत्र कमिर्शियल का रूप लेते जा रहा है और अतिक्रमण भी बढते जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य आर.के. सिंह बघेल, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, राहुल राजपूत, जोनल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, अतिक्रमण अधिकारी उपस्थित थे।

## एलएनसीटी विश्वविद्यालय बीपीईएस के प्रिंस सोलंकी ने ऑल इंडिया कराते में जीता कांस्य पदक

**भोपाल।** भारतीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराते पुरुष प्रतियोगिता 2024-25 मे एलएनसीटी बीपीईएस द्वितीय वर्ष के प्रिंस सोलंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया।

पहले राउंड मे पीडीयू यूनिवर्सिटी को 8-0 से, सेकंड राउंड में पंजाब यूनिवर्सिटी को 8-0 से, तीसरे राउंड में पटियाला यूनिवर्सिटी को 6-2 से, हराकर सेमीफाइनल के लिए प्रवेश किया। प्रिंस के शानदार प्रदर्शन के लिए एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जय नारायण चौकसे, डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति जेएनसीटी प्रोफेशनल युनिवर्सिटी, डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, प्रोफेसर डॉ. एन.के. थापक वाइस चांसलर, डॉ. अजीत सोनी रजिस्ट्रार, डॉ. अशोक कुमार राय डॉयरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन, पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी, आकाश दुबे आईटी हेड, डॉ. रमेश शुक्ला असिस्टेंट रजिस्ट्रार, डॉ. बी.एस. पवार एचओडी डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, पी एस दारा सिंह, सुप्रिया जाटव कराते हेड कोच एलएनसीटी, तन्वंत सिंह,महेश सोधिया ने शुभकामनाएं दी।

## केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की विदाई समारोह का आयोजन

# माता-पिता और गुरूजनों के आशीर्वाद से ही सफल होता है जीवन :सिद्ध भाऊ



**संत हिरदाराम नगर।** केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल में कक्षा आठवीं के छात्रों का विदाई एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विदा हो रहे कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय में अपने शैक्षणिक अनुभव एवं अन्य गतिविधियों से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए एवं विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति अपना आदर व्यक्त किया। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में मधुर गीतों की सामूहिक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर सिद्ध भाऊ ने अपने आशीर्वचनों में विद्यार्थियों से अपने संस्कारों से जुड़े रहने और जीवन में सदाचरण को बरतने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि प्रात: काल जल्दी उठना, योग साधना एवं ध्यान करना, पढ़ाई में कठोर परिश्रम, संतुलित आहार ग्रहण करना तथा माता-पिता एवं गुरुजनों का आदर-सम्मान करना, अच्छी संगति रखना, समय का सदुपयोग करना और अपने जीवन को जीवन पर्यंत सुखी, संपन्न व स्वस्थ बनाएं रखना हमारा नैतिक दायित्व है। संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने भी इस अवसर पर विदाई ले रहे कक्षा 8वीं के छात्रों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। सोसायटी के अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन की हर परिस्थिति में उचित निर्णयों द्वारा अपने कार्यों को पूर्ण करने की समर्थता होनी चाहिए।

# सेवा भारती द्वारा खो-खो प्रतियोगिता की विजेताओं का किया सम्मान



**संत हिरदाराम नगर।** सेवा भारती निवेदिता भारती द्वारा आयोजित अंतर मंडल खो-खो प्रतियोगिता में खिलाड़ी बालिकाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पायल मोदी, प्रियंका सिंह, डा. दिनेश शर्मा, राजन नायर, आभा पाण्डेय ने खो-खो प्रतियोगिता विजेता खिलाड़ियों का सम्मान कर कंबल वितरित किए। अपने उद्बोधन में पायल मोदी ने कहा कि साधनहीन बालिकाओं की कड़ी मेहनत और लगन से प्रभावित हुँ सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया इस अवसर पर सेवा भारती महानगर के सभी 6 मंडलों की बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य तथा भीषण ठंड को देखते हुए कंबल भेंट किए।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के भंडारण और गंदगी फैलाने वालों पर निगम की सख्त कार्यवाही

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता एवं पर्यावरण को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के जोन क्र. 15 के अमले ने रविवार को जोन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में ग्रीन नेट लगाए बिना भवन निर्माण करने, प्रतिबंधित पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का भंडारण करने वाले, सीवेज पानी का नालियों में छोड़ने तथा गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखने हेतु दुकानों पर डस्टबिन न रखने वालों सहित अन्य प्रकार से स्वच्छता के निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने और साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करते हुए 172 प्रकरणों में 01 लाख 09 हजार 600 रुपये का स्पॉट फाईन/जुर्माना वसूल किया और नागरिकों को स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की समझाइश भी दी।



निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में जोन क्र. 15 के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री मगन झा के नेतृत्व में रविवार को इन्द्रपुरी, सोनागिरी, आनन्द नगर, पिपलानी आदि क्षेत्रों में निर्माणाधीन भवन में ग्रीन नेट न लगाने, कॉरीडोर में अतिक्रमण करने, प्रतिबंधित पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का भंडारण करने वालों के साथ ही खुली नालियों में सीवेज छोड़ने, सड़क पर पानी बहाने, बिना अनुमति बैनर आदि लगाकर सम्पत्ति विरूपण करने, गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखने हेतु दो डस्टबिन न रखने वालों तथा मिक्स कचरा देने, सार्वजनिक स्थलों पर गुटका थूकने, पालतु कुत्तों को खुले में घुमाकर गंदगी कराने वालों, खुले में मूत्र त्यागने वालों तथा जल स्त्रोतों में कचरा फैंकने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की और 172 प्रकरणों में 01 लाख 09 हजार 600 रुपये का स्पॉट फाईन वसूलने की कार्यवाही की। निगम अमले ने समझाइश भी दी कि शहर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु नियमों का पालन करें और नगर निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं में सहयोग करें।

## शादी का झांसा देकर 6 सालों तक किया यौन शोषण, पुलिस के हाथ अब भी खाली

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक बार फिर महिला के शोषण और बलात्कार का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता निशा खान ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि शाहनवाज शेख नामक व्यक्ति ने शादी का झांसा देकर 6 वर्षों तक उसका शारीरिक और मानसिक शोषण किया। मामला 2018 का बताया जा रहा है, लेकिन अब तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। निशा खान के अनुसार, उसकी और शाहनवाज शेख की दोस्ती फेसबुक के जरिए हुई थी। चैटिंग के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और शाहनवाज ने उसे अपने परिवार से भी मिलवाया। निशा ने बताया कि शाहनवाज की मां ने शादी के प्रस्ताव पर कहा कि वह पहले से शादीशुदा है। शाहनवाज ने शादी का वादा करते हुए कहा कि वह बिजनेस सेट होने के बाद उससे शादी करेगा। निशा के मुताबिक, वह 6 सालों से शारीरिक और मानसिक तौर पर उसे प्रताड़ित करता रहा और संबंध बनाता रहा। जब उसने शादी के लिए दबाव डाला, तो शाहनवाज ने इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। निशा खान ने बताया कि उसने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक पुलिस आरोपी का पता नहीं लगा पाई है। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है और आरोपी पर जल्द कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश जारी है। जल्द ही उसे पकड़कर कानून के हवाले किया जाएगा।

# महाकुंभ मेले को लेकर ट्रेनों के संचालन में हुआ बड़ा बदलाव

**भोपाल।** महाकुंभ मेला 2025 के दौरान यात्रियों की सुविधा और परिचालनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने भोपाल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव करने का फैसला लिया है। इन बदलावों के तहत कुछ ट्रेनें पूरी तरह निरस्त की जाएंगी, जबकि कुछ आंशिक रूप से निरस्त या शॉर्ट टर्मिनेट की जाएंगी। गाड़ी संख्या 20962: बनारस-उधना एक्सप्रेस दिनांक 29 जनवरी 2025 को पूरी तरह निरस्त रहेगी।

### आंशिक रूप से निरस्त ट्रेनें

1. गाड़ी संख्या 14115: डॉ. अंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस 28 जनवरी, 29 जनवरी, 2 फरवरी और 3 फरवरी 2025।
खजुराहो स्टेशन पर रात 11ः05 बजे (23ः05) पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी।
2. गाड़ी संख्या 14116: प्रयागराज-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस 29 जनवरी, 30 जनवरी, 3 फरवरी और 4 फरवरी 2025।
खजुराहो स्टेशन से रात 9:30 बजे (21:30) पर शॉर्ट ओरिजिनेट होगी।

# पिपलानी मैदान में चल रही टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट भेल चैंपियंस ट्रॉफी सीजन 3



**भोपाल।** भेल कारखाने में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट भेल चैंपियंस ट्रॉफी 2025 सीजन 3 शाखा मैदान पिपलानी भोपाल में अपार दर्शकों की भीड़ के साथ देखा जा रहा है। टूर्नामेंट मीडिया प्रवक्ता अतुल मालवीय ने क्रिकेट लाइव अपडेट में बताया कि टूर्नामेंट अपने अंतिम चरणों में है! क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के मैच जारी है। आज का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच आई.एम.एम राइजर्स एवं ब्लॉक वन एवेंजर्स के बीच खेला गया जिसमें आई.एम.एम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवरों मे 78 रन बनाए। वही दूसरी पारी मे एवेंजर्स ने 2 बालो के रहते हुए छक्का लगा कर 80 रन बनाकर जीत अपने नाम की! आज का मैन आफ द मैच रईस चौरसिया को मोहन सेन द्वारा प्रदान किया गया। आज के कामन्ट्रेटर राघवेंद्र पांडे और ऑफ़लाइन स्कोरर जयपाल सिसोदिया एवं ऑनलाइन स्कोरर मनीष सराठे एवं एम्पायर संजय सिंह एवं घनश्याम जाट रहे। आज के कामन्ट्रेटर राजेश पाटकर एवं विश्वनाथ और ऑफ़लाइन स्कोरर आर. एस.अरोरा एवं प्रदीप माझी एवं ऑनलाइन स्कोरर मनीष सराठे रहे आज के एम्पायर सुखराम कास्डे, रामप्रवेश, रंजीत रजक, मुकेश ठाकरे, रहे। टूर्नामेंट के आयोजको राजेश पाटकर, विकास तिवारी, सादिक खान,जितेंद्र लोहट,आर,एस अरोरा,वी.एस चाहर,मोहम्मद हाजिक,योगेश जाटव ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण का सर्वे, पात्र परिवार 31 मार्च तक जुड़वा सकते हैं नाम

भोपाल। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्?लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक?त किये गये सर्वेयर सचिव/रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्?लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल (https:// pmayg.nic.in/infoapp.html) पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए समस्?त जिले/जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण दिया गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई। जिसके अंतर्गत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

# लोकमाता अहिल्या देवी की नगरी महेश्वर में होगी अगली मंत्रि-परिषद की बैठक: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष 2025 मालवा की महारानी पुण्यश्लोका अहिल्या देवी का 300वां जयंती वर्ष है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने देवी अहिल्या माता की 300वीं जयंती मनाने का निर्णय लिया है। इस उपलक्ष्य में हम पूरे वर्ष अलग-अलग कार्यक्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रि-परिषद की अगली बैठक मालवा की महारानी लोकमाता अहिल्या देवी को समर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंत्रि-परिषद की बैठक 24 जनवरी को लोकमाता की राजधानी रही धार्मिक नगरी महेश्वर में होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को जारी अपने संदेश में यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन धार्मिकता, त्याग और करुणा का प्रतीक था। वे न केवल एक कुशल शासिका थीं, बल्कि एक आदर्श नारी और माता भी थीं। लोकमाता अहिल्या देवी के शासनकाल, उनकी कर्तव्यपरायणता, धर्म परायणता, सुशासन, दानशीलता, धार्मिकता आदि गुणों से हमें सद्मार्ग और सुशासन के जरिए लोक-कल्याण की असीम ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। उनके व्यक्तित्व की आभा से पूरा समाज आज भी उन्हें अत्यंत श्रद्धा से देखता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की पावन धरा वह स्थान है, जहां रानी दुर्गावती, लोकमाता अहिल्या देवी, सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज जैसे प्रतापी एवं सुशासन लाने वाले शासक हुए हैं। इनके नाम और काम पर मध्यप्रदेश सदैव गौरवान्वित होता आया है। इस संदर्भ में महिला शासिका लोकमाता अहिल्या देवी का नाम भी अजर-अमर है। उनके नाम पर समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक में हम जनकल्याण से जुड़ी कई नवीन योजनाओं को मंजूरी देने जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की कि हम सब मालवा की लोकमाता अहिल्या देवी के पुण्य स्मरण में शामिल हों। वे स्वयं और सभी मंत्रीगण मिलकर अहिल्या माता को समर्पित मंत्रिपरिषद की बैठक के लिए महेश्वर जाएंगे और यही लोकमाता को, उनके सद्कार्यों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन परिचय

लोकमाता देवी अहिल्याबाई भारत के इतिहास में एक महान शासिका, समाज सुधारक और धर्मपरायण नेत्री के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनका जीवन त्याग, नारी सशक्तिकरण, धर्म और न्याय के आदर्शों से प्रेरित है। देवी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में एक साधारण मराठा पाटिल परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम मनकोजी शिंदे था। उनका विवाह 1733 में श्री खंडेराव होल्कर से हुआ, जो मालवा के शासक श्री मल्हारराव होल्कर के पुत्र थे। वर्ष 1754 में श्री खंडेराव होल्कर की मृत्यु के बाद, अहिल्याबाई ने अपने जीवन को राज्य और प्रजा की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। श्री मल्हारराव होल्कर की मृत्यु (1766) के बाद अहिल्याबाई ने इंदौर की गद्दी संभाली। उनका शासनकाल (1767-1795) न्यायप्रियता, कुशल प्रशासन, और समाज कल्याण के लिए जाना जाता है। देवी अहिल्याबाई ने महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए काम किया। उन्होंने शिक्षा और धर्म के माध्यम से समाज में एकता और सामंजस्य बढ़ाया। देवी अहिल्याबाई ने कुशल प्रशासन से अपने राज्य को एक सुव्यवस्थित और समृद्ध क्षेत्र बनाया था।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगर-उज्जैन मार्ग पर सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला प्रशासन को घायलों की हरसंभव मदद करने के लिए निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए एवं गंभीर घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है। दुर्घटना में गंभीर घायलों को उपचार के लिए इंदौर रेफर कर दिया गया है।

## मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर पुणे में 22 को इंटरेक्टिव सत्र

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों से करेंगे सीधा संवाद

**भोपाल।** प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक विकास और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए 22 जनवरी को इंटरेक्टिव सत्र पुणे में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पुणे में %मध्यप्रदेश में निवेश के अवसर% पर आयोजित इंटरेक्टिव सत्र में निवेशकों और उद्योगपतियों से सीधा संवाद करेंगे। यह सत्र न केवल मध्यप्रदेश के निवेश अवसरों को प्रदर्शित करेगा, बल्कि राज्य को उद्योगों के लिए एक अनुकूल स्थान के रूप में स्थापित करने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों की निरंतरता को भी दर्शाएगा।

मुंबई, कोलकाता, बैंगलोर और कोयंबटूर में मिली सफलता के बाद पुणे का यह सत्र निवेशकों के लिए एक और सुनहरा अवसर है। इन शहरों में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी दूरदर्शी नीतियों और प्रदेश के निवेश अनुकूल माहौल को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं को नई दिशा मिली। पुणे का यह सत्र उसी श्रृंखला का हिस्सा है, जो राज्य को निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुणे में प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से मध्यप्रदेश में औद्योगिक, पर्यटन, आईटी/आईटीईएस और ईएसडीएम क्षेत्र के लिए सकारात्मक वातावरण व संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव संस्थान के प्रतिनिधियों के साथ नेटवर्किंग डिनर में शामिल होंगे।

राज्य के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव श्री राघवेंद्र कुमार सिंह, पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव श्री शिवशेखर शुक्ला और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री संजय दुबे विभागीय प्रजेन्टेशन देंगे। कार्यक्रम में उद्योग जगत की प्रतिष्ठित हस्तियां, किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड के चेयरमैन श्री संजय किर्लोस्कर और पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन श्री सुधीर मेहता भी प्रदेश के इंडस्ट्री फ्रेंडली माहौल और मध्यप्रदेश की सरल औद्योगिक नीतियों के संबंध में अपने अनुभव साझा करेंगे।

## पूर्व विधायक से वन्यजीव अवशेषों से बनीं 34 ट्रॉफियां जब्त-हरवंश सिंह राठौर के बंगले पर फॉरेस्ट विभाग की रेड



**भोपाल।** सागर में पूर्व भाजपा विधायक हरवंश सिंह राठौर के बंगले से वन विभाग की टीम ने वन्यजीवों के अवशेष से बनीं 34 ट्राफियां और आर्टिकल जब्त किए हैं। वन विभाग की एसआईटी ने सोमवार देर रात सागर के सदर बाजार स्थित बंगला नंबर एक पर छापेमारी की।

उत्तर और दक्षिण वन मंडल के अमले को जांच के दौरान राठौर परिवार के पास ट्रॉफी और आर्टिकल्स के वैध दस्तावेज नहीं मिले। जिन चीजों के दस्तावेज परिवार ने दिखाए, वन विभाग ने उन्हें लौटा दिया। इससे पहले 13 जनवरी को वन विभाग की टीम ने राठौर बंगला पहुंचकर वन्यजीवों के अवशेषों से तैयार ट्रॉफियों से संबंधित दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की थी। यहां बाघ, तेंदुआ, काले हिरण, चौसिंगा, सांभर, चिकांरा की खाल, सींग और अन्य अवशेषों से बनी ट्रॉफियां मिली थीं। करीब साढ़े 5 घंटे तक जांच-पड़ताल के बाद वन विभाग ने राठौर परिवार को क्लीनचिट दी थी। कहा गया था कि इन्हें रखने के दस्तावेज राठौर परिवार के पास हैं। इससे पहले 10 और 11 जनवरी को राठौर के घर से दो-दो मगरमच्छों का रेस्क्यू किया गया था। ये करीब 6 से 7 फीट लंबे हैं। इनमें से 2 को रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की व्यारमा नदी के चकई नाले में, तीसरे को सिंगपुर रेंज के हर्रे वाले तालाब और चौथे मगरमच्छ को कुठला नाला में छोड़ा गया था। वन विभाग ने राठौर बंगले से मगरमच्छ लाकर सीधे टाइगर रिजर्व के जलाशयों में छोड़ दिए थे। न तो उनको क्वारंटाइन किया और न ही उनके सेंपल की रिपोर्ट आने तक का इंतजार किया। जिन जलाशयों में मगरमच्छ छोड़े गए हैं, वहां पहले से दूसरे मगरमच्छ हैं। यदि छोड़े गए मगरमच्छों में कोई बीमारी निकलती है तो जलाशय में मौजूद अन्य मगरमच्छ भी चपेट में आ सकते हैं। लंबे समय तक इंसानों के बीच रहे इन मगरमच्छों के खून और मल के सैंपल लेकर उसकी जांच की जानी थी। जांच रिपोर्ट में इन मगरमच्छों में कोई बीमारी या वायरस न होने की पुष्टि के बाद ही इन्हें जलाशयों में छोड़ सकते थे।

## भारत के प्राचीन सिक्कों पर केन्द्रित विषय युग युगीन सिक्के प्रदर्शनी 22 जनवरी से

**भोपाल।** संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय, भोपाल के अंतर्गत डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान, भोपाल द्वारा अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर, उज्जैन के सहयोग से भारत के प्राचीन सिक्कों पर केन्द्रित विषय ÷युग युगीन सिक्के÷ पर प्रदर्शनी लगाई जा रही है। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रो. वैद्यनाथ लाभ, कुलगुरु, सॉची बौद्ध भारतीय अध्ययन विश्वविद्यालय के गरिमामय उपस्थिति में 22 जनवरी को अपरान्ह 2¬30 बजे किया जायेगा। राज्य संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में प्रदर्शनी 28 जनवरी तक दर्शकों के लिए उपलब्ध रहेगी।

इस अवसर पर प्रथम दिन मुद्राशास्त्र पर आधारित विषयों पर मुद्राशास्त्र के लब्ध प्रतिष्ठि विद्धानों द्वारा अपने शोध पत्रों का वाचन कर मुद्राशास्त्र के विभिन्न आयामों को उजागर किया जायेगा। आयोजन की अगली कड़ी में 28 जनवरी को सायं 5¬30 बजे लोक गायक श्री सुरेश प्रसाद कुशवाह द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दूसरे चरण का सर्वे, पात्र परिवार 31 मार्च तक जुड़वा सकते हैं नाम

**भोपाल।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्?लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्?लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक?त किये गये सर्वेयर सचिव/रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्?लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल पर भी उपलब?ध है। सर्वे के लिए समस?त जिले/जनपद एवं ग्राम पंचायत स?तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण दिया गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

## वल्लभ भवन के सामने नशे में धुत युवकों ने की मारपीट, महिला को दी जान से मारने की धमकी



**भोपाल।** राजधानी के वल्लभ भवन के सामने एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां दो नशे में धुत युवकों ने एक परिवार से मारपीट की। बताया जा रहा है कि युवक फोन पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे।इसी दौरान पास में मौजूद एक महिला ने उनकी भाषा पर आपत्ति जताई, जिससे नाराज होकर युवकों ने महिला के साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं, उन्होंने हथियार लाकर महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। मामला वल्लभ भवन के पास स्थित भीम नगर इलाके का है, जहां आरोपी युवक रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सहयोग क्रीडा मंडल की यात्रा के बारे में युवा पीढ़ी को जानना ज़रूरी- मंत्री श्री पटेल

### गोटेगांव में राष्ट्रीय प्रो कबड्डी महाकुंभ का शुभारंभ



**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को नरसिंहपुर में राष्ट्रीय ध्वज एवं खेल ध्वज फहराकर ऑल इंडिया प्रो कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का आयोजन सहयोग क्रीड़ा मण्डल गोटेगाँव और मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगाँव में 20 जनवरी से 23 जनवरी तक होगा। कार्यक्रम में सहयोग क्रीड़ा मण्डल के गठन से लेकर अब तक सहयोगी के रूप में शामिल वरिष्ठजनों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सहयोग क्रीडा मंडल का गठन वर्ष 1982 में हुआ। इसके बाद से यह क्रीडा मंडल लगातार प्रतियोगिताओं का आयोजन बखूबी करता आ रहा है। अब तक जिन सहयोगियों ने आयोजन में योगदान दिया वह अविस्मरणीय है। युवा पीढ़ी को सहयोग की इस परम्परा एवं सहयोगियों के योगदान को जानना होगा। मंत्री श्री पटेल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में मैराथन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। मैराथन में इटारसी, मैहर, नरसिंहपुर, जबलपुर, छिन्दवाड़ा एवं भोपाल के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

चार दिवसीय आयोजन में पुरुष, महिला एवं बालक (14 वर्ष से कम) वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता कराई जा रही है। साथ ही चौपड़, तवा, गोला व भाला फेंक, पुरुष एवं महिला वर्ग में ऊंची और लंबी कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर विधायक श्री महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल समेत जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद के पुरस्कारों के लिये पुस्तकें आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा उर्दू की श्रेष्ठ पुस्तकों पर 6 राष्ट्रीय और 13 प्रादेशिक पुरस्कार दिये जाने हैं। एक जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक की अवधि में प्रकाशित पुस्तकें 10 फरवरी तक आमंत्रित की गई हैं।

निदेशक, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी डॉ. नुसरत मेहंदी ने बताया कि उर्दू अकादमी द्वारा अखिल भारतीय पुरस्कार और प्रादेशिक पुरस्कार दिये जायेंगे। उन्होंने अखिल भारतीय पुरस्कार में 51 हजार रूपये और प्रादेशिक पुरस्कार में राशि 31 हजार रूपये दी जायेगी।

अखिल भारतीय पुरस्कार में मीर तकी मीर पुरस्कार (उर्दू शायरी), हकीम कमरूल हसन पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता, शोध एवं आलोचना), हामिद सईद खाँ पुरस्कार (कहानी, लघु कथा), शादाँ इन्दौरी पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), जौहर कुरैशी पुरस्कार (हास्य व्यंग्य), इब्राहीम यूसुफ पुरस्कार (नाटक, दास्तान) और प्रादेशिक पुरस्कार में सिराज मीर खाँ सहर पुरस्कार (उर्दू शायरी), बासित भोपाली पुरस्कार (कहानी लघु कथा), मोहम्मद अली ताज पुरस्कार (रखाचित्र, रिपोर्ताज़), नवाब सिद्दीक हसन खाँ पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता (उर्दू पत्रिका) शोध व आलोचना), शैरी भोपाली पुरस्कार (बाल साहित्य), कैफ भोपाली पुरस्कार (उर्दू शिक्षक), शम्भू दयाल सुखन पुरस्कार (अ-उर्दू भाषी लेखकों / शायरों की कृति), शिफा ग्वालियरी पुरस्कार (प्रदेश के लेखक / शायर की पहली कृति), जाँ निसार अख़्तर पुरस्कार (रसाई साहित्य; रसाई, नात, उर्दू साहित्य/शायरी की एक विद्या), पन्नालाल श्रीवास्तव नूर पुरस्कार (आत्मकथा, संस्मरण), सूरज कला सहाय पुरस्कार (यात्रा ऋतांत), नवाब शाहजहाँ बेगम ताजवर पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), निदा फ़ाज़ली पुरस्कार (उर्दू नज़्म, दोहा, रूबाई) शामिल हैं।

लेखक 1 जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक प्रकाशित पुस्तकों की चार-चार प्रतियाँ निर्धारित फार्म भरकर 10 फरवरी, 2025 तक कार्यालय, म.प्र. उर्दू अकादमी, मुल्ला रमूज़ी संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड, भोपाल अनिवार्य रूप से भेंजे। निर्धारित फार्म उर्दू अकादमी की वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।

## पटौदी खानदान की 15 हजार करोड़ की संपत्ति पर सरकार करेगी कब्जा! सैफ अली खान है अंतिम


**भोपाल।** भोपाल में पटौदी खानदान की 15 हजार करोड़ की संपत्ति जल्द ही सरकारी कब्जे में आ सकती है। शत्रु संपत्ति अधिनियम के तहत ये संपत्ति सरकार ले सकती है। दरअसल हाई कोर्ट ने इस संपत्ति पर 2015 से लगा स्टे हटा दिया है। यह संपत्ति ऐसे में शत्रु संपत्ति मानी जा रही है। क्योंकि नवाब हमीदुल्लाह की बड़ी बेटी आबिदा पाकिस्तान चली गई थीं। नवाब परिवार के वंशज सैफ अली खान और शर्मिला टैगोर समेत इस संपत्ति पर दावा कर रहे हैं।

**इसलिए स्टे हटा-** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने शत्रु संपत्ति के मामले में एक्टर सैफ अली खान, उनकी मां शर्मिला टैगोर, बहनें सोहा और सबा अली खान के साथ ही पटौदी की बहन सबीहा सुल्तान को निर्देश दिया है कि वे शत्रु संपत्ति मामले में अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपना पक्ष रखें। लेकिन किसी ने भी समय सीमा में पक्ष नहीं रखा। कोर्ट के आदेश के बाद अब इस मामले का हल हो गया है और इस संपत्ति से स्टे हटा लिया गया है।

**कोर्ट ने दिया था 30 दिन का समय-** जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकल पीठ ने परिवार को 30 दिन में अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया था। लेकिन पटौदी परिवार ने तय समय में अपना पक्ष नहीं रखा और ना ही कोई दावा पेश किया। अब ये अवधि समाप्त हो चुकी है।

# महू में जुटेगी कांग्रेस लीडरशिप: 27 को कांग्रेस की रैली

## इससे पहले बीजेपी के कार्यक्रम में शाह-नड्डा आएंगे



भोपाल। कांग्रेस 27 जनवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू में जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली करने जा रही है। कांग्रेस की रैली के पहले एमपी में बीजेपी ने भी जवाबी तैयारी की है। बीजेपी ने 24 - 25 जनवरी में से किसी दिन भोपाल, इंदौर, जबलपुर सहित बड़े शहरों में प्रबुद्धजन सम्मेलन के लिए केन्द्रीय मंत्रियों का समय मांगा है।

दरअसल, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीते 17 दिसंबर को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा था -अभी एक फैशन हो गया है। अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। अमित शाह के इस बयान पर कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल बीजेपी और शाह पर हमलावर हैं। कांग्रेस ने शाह के इस बयान को अंबेडकर और संविधान विरोधी बताया।

पिछले साल 26 दिसंबर को कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस की विस्तारित कार्य समिति की बैठक हुई। इस बैठक में जय भीम, जय बापू, जय संविधान अभियान शुरू करने का फैसला हुआ था। 27 दिसंबर को इस अभियान का आगाज रैली के रूप में होना था। लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण इसे टालकर 3 जनवरी 2025 से शुरू करने का फैसला किया गया।

इस अभियान का समापन अब 27 जनवरी को महू में रैली के साथ होगा। इस रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी और कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित देश भर के दिग्गज नेता शामिल होंगे। एमपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अलग-अलग 11 कमेटियां बनाई हैं। इन समितियों में जीतू पटवारी, उमंग सिंघार, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह सहित तमाम नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं।

### समन्वय समिति में दिग्गज शामिल

महू की रैली को लेकर बनाई गई समन्वय समिति में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह, कांतिलाल भूरिया, अरूण यादव, मप्र के सह प्रभारी संजय दत्त, चंदन यादव, आनंद चौधरी, महासचिव रण-विजय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी राजीव सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल, सेवादल के अध्यक्ष योगेश यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेन्द्र सिंह और एनएसयूआई के अध्यक्ष आशुतोष चौकसे को समन्वय समिति में शामिल किया गया है।

### इंदौर-पीथमपुर में तीन दिन होटल फुल

महू में कांग्रेस लीडरशिप के जुटान को देखते हुए इंदौर, पीथमपुर और आसपास के इलाकों में नेताओं के रुकने के लिए होटल्स की बुकिंग की जा रही है। नेताओं के हिसाब से 5 स्टार, 3 स्टार होटल्स से लेकर गेस्ट हाउस और होम स्टे तक में रुकने की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आवास व्यवस्था का काम राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व विधायक कुणाल चौधरी और मनोज राजानी को सौंपा गया है।

### सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रभातफेरियां निकल रहीं

27 जनवरी की रैली को लेकर कांग्रेस नेताओं को अलग-अलग जिलों में प्रभारी बनाया गया है। सभी जिलों में नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। गांवों और वार्डों में जय भीम, जय बापू, जय संविधान अभियान के तहत रैलियां और प्रभातफेरियां भी निकाली जा रही हैं।

### अलग-अलग मंच बनेंगे

महू में कार्यक्रम स्थल को फाइनल करने के लिए आज बैठक होगी। कांग्रेस नेता निरीक्षण कर सभा की तैयारियों को अंतिम रूप देंगे। सभा स्थल पर तीन मंच बनाए जा सकते हैं। मुख्य मंच पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम और चुनिंदा नेता रह सकते हैं।

## भाजपा का प्रबुद्धजन सम्मेलन होगा



बीजेपी ने कांग्रेस की रैली के पहले राष्ट्रीय नेताओं को एमपी बुलाने का प्लान केन्द्रीय नेतृत्व को भेजा है। बीजेपी ने 24 - 25 जनवरी में से किसी दिन भोपाल, इंदौर, जबलपुर सहित बड़े शहरों में प्रबुद्धजन सम्मेलन के लिए केन्द्रीय मंत्रियों का समय मांगा है। भोपाल में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जबलपुर में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, ग्वालियर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, इंदौर में नितिन गड़करी जैसे नेताओं को बुलाया है।

बीजेपी के प्रदेश महामंत्री और विधायक भगवानदास सबनानी ने बताया- हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान, को लेकर भाजपा ने सभी जिलों और संभागों में कार्यक्रमों की रचना की है। जनता के ध्यान में यह बात जाना चाहिए कि संविधान बनने के बाद से 106 परिवर्तन हुए और कांग्रेस ने 80 से ज्यादा परिवर्तन किए। सरकारों को गिराने के लिए, देश में आपातकाल लगाने के लिए। ऐसे मामलों में उन्होंने संविधान का दुरुपयोग किया। वहीं भाजपा सरकारों ने संविधान में परिवर्तन नारी सशक्तिकरण के लिए, धारा 370 खत्म करने के लिए किए। कांग्रेस ने केवल संविधान को तोड़-मरोड़कर उसका अपमान करने का हरसंभव प्रयास किया।

स म्पा द की य

# महाकुम्भ और पर्यावरण

उत्तर प्रदेश में संगम के तट पर प्रयागराज में महाकुम्भ के रूप में पृथ्वी का सबसे बड़ा धार्मिक समागम चल रहा है। यह भले ही धार्मिक समागम है, परंतु रसद और बुनियादी ढांचे से लेकर भीड़-प्रबंधन और सुरक्षा तक की मिसाल देता है। वहीं महाकुम्भ मानवता की एक साझा उद्देश्य की दिशा में एक साथ काम करने की अद्वितीय क्षमता को दर्शाता है। यह उपलब्धि एकता, समन्वय और प्रतिबद्धता की शक्ति का प्रमाण है, इसका मूल आधार धर्म और आस्था है।

महाकुम्भ मात्र एक धर्मावलंबियों की भीड़ नहीं है और न ही इसे एक मेला कहा जा सकता है, अपितु यह बताता है कि जब मनुष्य साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर आगे बढ़ता है तो वह क्या कुछ हासिल कर सकता है। इस समागम को सम्भव बनाने के लिए हजारों सरकारी अधिकारी, स्वयंसेवक, सुरक्षाकर्मी, सफाईकर्मी अथक परिश्रम करते हैं। इसे हम अपने जीवन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भी समझ सकते हैं और यह भी सोच सकते हैं कि अगर हम मनुष्य आध्यात्मिक समागम के लिए एकजुट हो सकते हैं तो जलवायु संकट या पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हम ऐसा क्यों नहीं कर सकते?

पर्यावरण के चितेरे इस मुद्दे को उठा रहे हैं, तो यह गलत नहीं, अपितु हमारे धर्म की महत्वपूर्ण शिक्षाओं में से एक है। देखा जाए तो धर्म हमें केवल किसी की भक्ति का मार्ग ही नहीं दिखाता हमें जीना सिखाता है। हमें मानवता सिखाता है। यह सिखाता है कि हमें अपनी भूमि, जल, वायु से कैसे जुड़े रहना है। उनके लिए हमारी क्या प्रतिबद्धताएं होना चाहिए। तभी तो कहा जा रहा है कि पर्यावरण संरक्षण हमारी दुनिया का आधुनिक धर्म बन सकता है और बनना भी चाहिए। धर्म की तरह, इसके लिए साझा मूल्यों की आवश्यकता है- करुणा, प्रबंधन और प्रकृति के प्रति सम्मान।



पर्यावरण की बात करें तो इसकी सुरक्षा के लिए ऊर्जा की खपत घटाना, जल-संरक्षण, पेड़ लगाना और कचरे का जिम्मेदारी से प्रबंधन आवश्यक हैं। पवित्र नदी और प्राकृतिक संसाधन दोनों है। गंगा, यमुना, सरस्वती से लेकर नर्मदा, ताप्ती, बेतवा, अलकनंदा, रावी, चिनाब, ब्रह्मपुत्र और अन्य तमाम नदियों की रक्षा आध्यात्मिक कार्य ही नहीं, पर्यावरणीय आवश्यकता भी है। महाकुम्भ के लिए जिस तरह से हम गंगा सहित तीनों नदियों की सफाई करते हैं, उन्हें लगातार साफ रखने का प्रयत्न करते हैं, ये प्रयास हर समय होते रहना चाहिए। हम नदियों को पवित्र या पूज्य इसलिए मानते हैं, इन्हें मां का दर्जा इसलिए देते हैं, क्योंकि ये हमारा पालन-पोषण करती हैं। ये जीवनदायिनी हैं।

तो ये पर्यावरण का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। असल में जलवायु सुधार की जरूरत पहले कभी इतनी नहीं थी, जितनी अब है। वर्ष 2024 को अब तक का सबसे गर्म वर्ष घोषित किया गया है। दुनिया भर में दुनिया कार्बन डाय ऑक्साइड का उत्सर्जन हर साल बढ़ते जा रहा है। पिछले वर्ष 40 अरब मीट्रिक टन से ज्यादा उत्सर्जन हुआ। इस कारण दुनिया भर में आपदाओं की संख्या और तीव्रता भी बढ़ती जा रही।

कल रात को ही अमेरिका के राष्ट्रपति की शपथ लेने के साथ ही ट्रंप ने एक बार फिर देश को ऐतिहासिक पेरिस जलवायु समझौते से बाहर निकलने का ऐलान करके एक प्रकार से वैश्विक तापमान वृद्धि से निपटने के लिए दुनिया भर के प्रयासों को झटका पहुंचाया है। इससे एक बार फिर अमेरिका अपने सबसे करीबी सहयोगियों से दूर हो जाएगा, यह एक पहलू है, परंतु सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि जलवायु संरक्षण के लिए जो प्रयास दुनिया भर में चल रहे हैं, उन प्रयासों में निश्चित तौर पर कमी आ जाएगी।

हालांकि अमेरिका के लॉस एंजेलेस में लगी भीषण आग से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इस समय धरती पर 2 अरब से ज्यादा लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। साथ ही जलवायु संबंधी आपदाओं के कारण पिछले साल ही 300 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ है। ये मुद्दे अमेरिका के लिए भी महत्वपूर्ण हैं और बाकी दुनिया के लिए भी। ट्रम्प से ऐसी ही उम्मीद थी, लेकिन बाकी विश्व को इस पर गंभीरता से सोचने की आवश्कयता है।

अभी तो हमारा महाकुम्भ चल रहा है। इसकी ओर देखें और सीखें कि बड़े पैमाने पर सहयोग सम्भव है। अगर हम लाखों लोगों को गंगा में डुबकी लगाने के लिए संगठित कर सकते हैं तो हम अपनी नदियों को स्वस्थ करने, हवा को साफ करने और जंगलों की रक्षा करने के लिए क्यों नहीं इकट्ठा हो सकते? हालांकि यह धर्म के नाम पर ही होता है और हो सकता है, फिर भी धर्म के नाम पर ही हम अपने पर्यावरण को बचाने की पहल तो कर ही सकते हैं। हम जिन नदियों को अपनी मां कहते हैं, उन्हें स्वच्छ रखने के प्रयास करें। उनका जल जितना निर्मल होगा, हमारा जीवन उतना ही लंबा और बेहतर होगा। जिस धरती को मां कहते हैं, उसकी उर्वरा शक्ति को कम होने से बचाना हमारा कर्तव्य है। जिन वृक्षों को हम अपना बंधु कहते हैं, उनकी रक्षा करना भी हमारा धर्म होना चाहिए।

कुल मिलाकर महाकुम्भ को यदि हम पर्यावरण की रक्षा का एक मानक बना लें, तो हम जलवायु परिवर्तन का सामना आसानी से कर पायेंगे। हम अपने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लें। सहयोग की भावना को अपनाएं। परिवार की इकाई को धर्म और पर्यावरण से जोड़ें। मानवता की शिक्षा लें। हमारा महाकुम्भ सफल होगा।

# कानून: फोन कॉलर प्रदर्शित करने की सेवा पर लोकहित याचिका दायर

**- विनय झैलावत**

सर्वोच्च न्यायालय ने इसी माह एक जनहित याचिका में दूरसंचार नेटवर्क ऑपरेटरों को सीएनपी (कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन सर्विस) को लागू करने के निर्देश देने की मांग करते हुए भारत सरकार से जवाब मांगा है। सीएनपी को हम एक ऐसी सेवा कह सकते हैं जिस पर किसी के द्वारा फोन करने पर आपके मोबाईल पर फोन करने वाले का नाम प्रदर्शित होता है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने साइबर धोखाधड़ी की समस्या की व्यापकता पर विचार करते हुए जनहित याचिका में नोटिस जारी किया। सीएनपी को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा एक सुविधा के रूप में पेश किया गया था जो उपयोगकर्ता के फोन पर कॉल करने वाले का नाम प्रदर्शित करता है। यह स्पैम और धोखाधड़ी कॉल का मुकाबला करने में सहायता कर सकता है। सीएनपी को पहले से मौजूद 'ट्रू कॉलर' के विकल्प के रूप में प्रस्तावित किया गया है, जिसमें एक ही विशेषता है। लेकिन, जानकारी हमेशा सटीक नहीं होती।

याचिकाकर्ता, गौरीशंकर बेंगलुरू के, जिन्होंने तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों और अवांछित कॉल के आलोक में वर्तमान जनहित याचिका दायर की है। याचिका में दूरसंचार विभाग और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा सीएनपी के कार्यान्वयन में देरी के मुद्दे को रेखांकित किया गया है। जनहित याचिका में कहा गया है कि "इस मुद्दे की दबाव वाली प्रकृति के बावजूद, पिछले ढाई वर्षों के दौरान एक स्पष्ट कार्यान्वयन समयसीमा और सीएनपी की प्रगति की कमी के कारण यह जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।"

अपनी याचिका में याचिकाकर्ता ने साइबर धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और ऐसे अपराधों की त्वरित रिपोर्टिंग के लिए एक कुषल प्रषासनिक तंत्र के साथ-साथ तीन महीने की अवधि के भीतर सीएनपी को लागू करने का निर्देष चाहा है। सन् 2022 में प्रत्यर्थी के मूल पत्र के बाद सीएनपी के कार्यान्वयन में ठोस प्रगति की कमी और याचिकाकर्ता की सूचना एकत्र करने की कवायद के कारण, यह जनहित याचिका यह सुनिष्चि करने के लिए अंतिम उपाय के रूप में दायर की गई है कि सीएनपी को तुरंत लागू किया जाए। याचिकाकर्ता ने सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह प्रत्यर्थी को तीन माह के भीतर सीएनपी को लागू करने और आवश्यक



पूरक उपायों की स्थापना करने का निर्देष देते हुए एक रिट ऑफ मैंडमस (परमादेश याचिका) जारी करें। इसमें धोखाधड़ी वाले कॉल के लिए एक रिपोर्टिंग तंत्र, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के साथ ही सीएनपी सेवा का एकीकरण और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए अन्य उपयुक्त आदेश पारित करने की प्रार्थना की गई है।

ट्राई ने ही कॉलर नाम प्रदर्शित करने के लिए सीएनपी सेवा शुरू करने की सिफारिश की थी। ट्राई ने सुझाव दिया था कि सभी एक्सेस सेवा प्रदाता अपने टेलीफोन ग्राहकों को उनके अनुरोध पर कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (सीएनपी) पूरक सेवा प्रदान करें। दिसंबर 2022 में ट्राई ने सिफारिश की थी कि भारतीय दूरसंचार नेटवर्क में पूरक सेवा के रूप में कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (सीएनपी) शुरू किया जाना चाहिए। सीधे शब्दों में कहें तो सीएनपी एक पूरक सेवा है जो किसी के कॉल पर फोन करने वाले का नाम फोन स्क्रीन पर फ्लैश (प्रदर्शित) करने में सक्षम बनाती है। ट्राई ने अपनी सिफारिशों में कहा कि देशी स्मार्टफोन उपकरण और ट्रू कॉलर और भारत कॉलर आईडी और एंटी-स्पैम जैसे थर्ड-पार्टी ऐप भी कॉलिंग पार्टी नाम पहचान और स्पैम पहचान सुविधाएं प्रदान करते हैं। लेकिन, ये सेवाएं क्राउड-स्रोत डेटा पर आधारित है, जो विश्वसनीय नहीं हो सकते हैं।

यह सुविधा कॉल किए गए व्यक्ति को कॉलिंग पार्टी के बारे में जानकारी प्रदान करेगी (ट्रू कॉलर और भारत कॉलर आईडी और एंटी-स्पैम के समान)। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है, कि टेलीफोन ग्राहक आने वाली कॉल के बारे में एक सूचित विकल्प चुन सकें और अज्ञात या स्पैम कॉल करने वालों द्वारा उत्पीड़न पर अंकुश लगा सकें। मौजूदा तकनीकें संभावित रिसीवर के हैंडसेट पर कॉलिंग इकाई का नंबर प्रस्तुत करती हैं। चूंकि, ग्राहकों को फोन करने वाले का नाम और पहचान नहीं दी जाती है, इसलिए वे कभी-कभी यह मानते हुए उन्हें जवाब नहीं देते हैं कि यह पंजीकृत टेलीमार्केटरों से अवांछित वाणिज्यिक संचार हो सकता है। इससे वास्तविक कॉल का भी जवाब नहीं दिया जा सकता है। ट्रू कॉलर की 2021 ग्लोबल स्पैम एंड स्कैम रिपोर्ट से पता चला है कि भारत में हर महीने प्रति उपयोगकर्ता स्पैम कॉल की औसत संख्या 16.8 थी, जबकि इसके उपयोगकर्ताओं द्वारा प्राप्त कुल स्पैम वॉल्यूम अकेले अक्टूबर 2022 में 380 करोड़ कॉल से अधिक थी।

इसमें कई चुनौतियां भी है। कॉल सेट करने में लगने वाले समय में थोड़ी वृद्धि होने की संभावना है। तेज वायरलेस नेटवर्क (4जी या 5जी) से अपेक्षाकृत धीमी (2जी या 3जी) या इसके विपरीत की ओर बढ़ने पर भी प्रतिक्रियाशीलता प्रभावित हो सकती है। यह विशेष रूप से स्पष्ट नहीं है कि (सीएनपी) तंत्र कॉल करने वाले के गुमनाम रहने के अधिकार को कैसे संतुलित करेगा, जो गोपनीयता के अधिकार का एक आवश्यक घटक है। इस परिप्रेक्ष्य में एक व्यक्ति कई कारणों से गुमनाम रहने का विकल्प चुन सकता है। उदाहरण के लिए, व्हिसल ब्लोअर या कर्मचारियों को परेशान किया जाना। यह आदर्श होगा कि किसी तीसरे पक्ष द्वारा संचालित केंद्रीकृत डेटाबेस होस्ट करने और साझा करने के लिए कहने के बजाय उन तर्ज पर एक ढांचा विकसित किया जाए।

इसमें आगे का रास्ता भी हमें पहचानना होगा। केवल पहचान दिखाने का ज्यादा मतलब नहीं होगा। एक बार प्रणाली (स्पैमर्स अर्थात बड़ी संख्या में अनवांछित ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान करने और चिन्हित करने के लिए) का निर्माण हो जाता है। सैकड़ों लोग इस प्रणाली का उपयोग करने में सक्षम होते हैं। तभी प्रणाली का सार्थक प्रभाव पड़ेगा। इंटरफेस एक प्रभावी तंत्र के साथ उपयोगकर्ता के अनुकूल होना चाहिए। अभिदाताओं की सक्रिय भागीदारी यह सुनिश्चित करेगी कि स्पैमर्स की सही पहचान हो और वे आगे कॉल करने में असमर्थ हों। सरकार को डिजिटल साक्षरता में भी निवेश करना चाहिए। नागरिकों को तकनीक का बेहतर उपयोग करने के लिए कुशल बनाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे अपने डेटा को अंधाधुंध रूप से साझा न करें और उन्हें वित्तीय धोखाधड़ी और स्पूफिंग जैसे खतरों के बारे में सूचित किया जाए।

ट्राई ने सुझाव दिया कि सभी एक्सेस प्रदाता अपने टेलीफोन ग्राहकों को उनके अनुरोध पर कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (सीएनपी) पूरक सेवा प्रदान करें। ट्राई ने विज्ञप्ति में कहा कि थोक कनेक्शन और व्यावसायिक कनेक्शन रखने वाली ग्राहक संस्थाओं को ग्राहक आवेदन पत्र (सीएएफ) में दिखाई देने वाले नाम के स्थान पर अपना पसंदीदा नाम प्रस्तुत करने की सुविधा दी जानी चाहिए। ट्राई ने बताया कि यह पसंदीदा नाम कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ पंजीकृत ट्रेडमार्क नाम या जीएसटी परिषद के साथ पंजीकृत व्यापार नाम या सरकार के साथ विधिवत पंजीकृत कोई अन्य अनूठा नाम हो सकता है। हालांकि, यह ऐसे नाम के स्वामित्व को साबित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने की अभिदाता इकाई की क्षमता पर निर्भर है।

देखना होगा कि सर्वोच्च न्यायालय इस याचिका पर क्या निर्णय देता है? यह भी जानना दिलचस्प होगा कि भारत सरकार का इस याचिका पर क्या रुख होगा। लेकिन निश्चित ही याचिकाकर्ता ने मोबाइल की एक जटिल और परेशान करने वाली समस्या पर न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस समस्या का ऐसा कोई समाधान निकलेगा जो मोबाईल उपयोगकर्ताओं को धोखाधड़ी से बचाने में मददगार साबित होगा।

# ये पौने दो लाख मौतें देश पर धब्बा है

**राकेश दुबे**

एक भयावह आँकड़ा समाने है कि वर्ष 2023 में देश में हुई पांच लाख दुर्घटनाओं में करीब पौने दो लाख लोगों की मौत हुई। यह शर्मनाक ही है कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में अन्य कारणों के अलावा सबसे अधिक भूमिका तकनीकी व गुणवत्ता की खामियों वाली सड़कों की होती है।

उस पर सबसे दुखद यह है कि मरने वालों में एक लाख चौदह हजार लोग अट्ठारह से 45 वर्ष के बीच के युवा थे। जो परिवार के कमाने वाले व नई उम्मीद थे। इसके बाद इन हालात को देखते हुए ही केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक इन सड़क दुर्घटनाओं को आधा करने का लक्ष्य रखा है।

यह विडंबना ही है कि दुर्घटनाएं रोकने के लिये सख्त कानून बनाने एवं तकनीक के जरिये चालकों की लापरवाही पर नजर रखने जैसे उपायों के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के बेबाक सुझाव से सहमत हुआ जा सकता है कि खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बना दिया जाना चाहिए। इसके लिये




ठेकेदार और इंजीनियर की जवाबदेही तय होनी चाहिए। हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में उन्होंने दुख जताया कि विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों में जब भारत में विश्व की सर्वाधिक सड़क दुर्घटना वाले देश के रूप में चर्चा होती है, तो उन्हें शर्म महसूस होती है। आखिर तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे क्यों नहीं थम रहे हैं?

यह बात तय है कि अगले पांच सालों में सड़क दुर्घटनाओं को यदि आधा करना है, तो युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे। उन कारणों को तलाशना होगा, जिनकी वजह से हर साल सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है। आखिर क्या वजह है कि राजमार्गों के विस्तार और तेज गति के अनुकूल सड़कें बनने के बावजूद हादसे बढ़े हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि राजमार्गों व विभिन्न तीव्र गति वाली सड़कों में साम्य का अभाव है, वहीं मोड़ों को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु तकनीक में बदलाव की जरूरत है।

ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय को उन कारणों की पड़ताल करनी होगी, जो पर्याप्त धन आवंटन के बावजूद सड़कों को दुर्घटनामुक्त बनाने में बाधक हैं। ऐसे में जरूरी है कि सड़कों की निर्माण सामग्री और डिजाइनों की निगरानी के लिये स्वतंत्र व सशक्त तंत्र बनाया जाए, जो बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के काम कर सके। साथ ही मंत्रालय का दायित्व बनता है कि इस बाबत स्पष्ट नीति को सख्ती से लागू किया जाए। यह जानते हुए कि सड़कों के ठेके में मोटे मुनाफे के लिए एक समांतर भ्रष्ट तंत्र देश में विकसित हुआ है, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता करने से परहेज नहीं करता। जिसके खिलाफ उठने वाली ईमानदार आवाजें दबा दी जाती हैं। निस्संदेह, गुणवत्ता का मूल्यांकन करने वाली व्यवस्था की जवाबदेही तय करने की सख्त जरूरत है। तब हमें यह सुनने को नहीं मिलेगा कि उद्घाटन के कुछ ही बाद ही सड़क उखड़ गई या बारिश में धुल गई।

# कश्मीर से पंडितों के पलायन के चार दशक

**प्रवीण गुगनानी**

कश्मीर के सर्वाधिक नए जन सांख्यिकीय आंकड़ों पर नजर डाले तो स्वतंत्रता के समय वहां घाटी में 15 प्रतिशत कश्मीरी पंडितों की आबादी थी जो आज 1 प्रतिशत से नीचे होकर 0 प्रतिशत की ओर बढ़ गई है। हाल ही के इतिहास में कश्मीर के ज.स. सांख्यिकी में यदि परिवर्तन का सबसे बड़ा कारक खोजें तो वह एक दिन, यानि 19 जनवरी 1990 के नाम से जाना जाता है। कश्मीरी पंडितों को उनकी मातृभूमि से खदेड़ देनें की इस घटना की यह भीषण और वीभत्स कथा 1989 में आकार लेनें लगी थी। पाकिस्तान प्रेरित और प्रायोजित आतंकवादी और अलगाववादी यहाँ अपनी जड़ें बैठा चुके थे। भारत सरकार आतंकवाद की समाप्ति में लगी हुई थी तब के दौर में वहां रह रहे ये कश्मीरी पंडित भारत सरकार के मित्र और इन आतंकियों और अलगाववादियों के दुश्मन और खबरी सिद्ध हो रहे थे। इस दौर में कश्मीर में अलगाववादी समाज और आतंकवादियों ने इस शांतिप्रिय हिन्दू पंडित समाज के विरुद्ध चल रहे अपनें धीमे और छदम संघर्ष को घोषित संघर्ष में बदल दिया।

इस भयानक नरसंहार पर फारुक अब्दुल्ला की रहस्यमयी चुप्पी और कश्मीरी पंडित विरोधी मानसिकता केवल इस घटना के समय ही सामने नहीं आई थी। तब के दौर में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला अपने पिता शेख अब्दुल्ला के क़दमों पर चलते हुए अपना कश्मीरी पंडित विरोधी आचरण कई बार सार्वजनिक कर चुके थे। 19 जनवरी 1990 के मध्ययुगीन, भीषण और पाशविक दिन के पूर्व जमात-ए-इस्लामी द्वारा कश्मीर में अलगाववाद को समर्थन करने और कश्मीर को हिन्दू विहीन करनें के उद्देश्य से हिज्बुल मुजाहिदीन की स्थापना हो गई थी। इस हिजबुल मुजाहिदीन नें 4 जनवरी 1990 को कश्मीर के स्थानीय समाचार पत्र में एक एक विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जिसमें स्पष्टत: सभी कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ने की धमकी दी गई थी। इस क्रम में उधर पाकिस्तानी प्रधानमन्त्री बेनजीर नें भी टीवी पर कश्मीरियों को भारत से मुक्ति पानें का एक भड़काऊ भाषण दे दिया। घाटी में खुले आम भारत विरोधी नारे लगनें लगे। घाटी की मस्जिदों में अजान के स्थान पर हिन्दुओं के लिए धमकियां और हिन्दुओं को खदेड़ने या मार-काट देने के जहरीले आव्हान बजनें लगे। एक अन्य स्थानीय समाचार पत्र अल-सफा ने भी इस विज्ञप्ति का प्रकाशन किया था। इस भड़काऊ, नफरत, धमकी, हिंसा और भय से भरे शब्दों और आशय वाली इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के बाद कश्मीरी पंडितों में गहरें तक भय, डर घबराहट का संचार हो गया। यह स्वाभाविक भी था क्योंकि तब तक कश्मीरी पंडितों के विरोध में कई छोटी बड़ी घटनाएं वहां सतत घाट ही रही थी और कश्मीरी प्रशासन और भारत सरकार दोनों ही उन पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे थे। 19जन. 1990 की भीषणता को और कश्मीर और भारत सरकार की विफलता को इससे स्पष्ट समझा जा सकता है कि पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर और दुकानों पर नोटिस चिपका दिए गए थे कि 24 घंटो के भीतर वे घाटी




छोड़ कर चले जाएँ या इस्लाम ग्रहण कर कड़ाई से इस्लाम के नियमों का पालन करें। घरों पर धमकी भरें पोस्टर चिपकाने की इस बदनाम घटना से भी भारत और कश्मीरी सरकारें चेती नहीं और परिणाम स्वरुप पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर धूं-धूं जल उठे। तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला इन घटनाओं पर रहस्यमयी आचरण अपनाए रहे, वे कुछ करनें का अभिनय करते रहे और कश्मीरी पंडित अपनी ही भूमि पर ताजा इतिहास की सर्वाधिक पाशविक- बर्बर-क्रूरतम गतिविधियों का खुले आम शिकार होते रहे, घाटी में पहले से फैली अराजकता चरम पर पहुँच गई। कश्मीरी पंडितों के सर काटे गए, कटे सर वाले शवों को चौक-चौराहों पर लटकाया गया। बलात्कार हुए, कश्मीरी पंडितों की स्त्रियों के साथ पाशविक-बर्बर अत्याचार हुए। गर्म सलाखों शरीर में दागी गई और इज्जत आबरू के भय से सैकड़ों कश्मीरी पंडित स्त्रियों ने आत्महत्या करनें में ही भलाई समझी। बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों के शवों का समुचित अंतिम संस्कार भी नहीं होनें दिया गया था, कश्यप ऋषि के संस्कारवान कश्मीर में संवेदनाएं समाप्त हो गई और पाशविकता-बर्बरता का वीभत्स नंगा नाच दिखा था। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट और हिजबुल मुजाहिदीन ने जाहिर और सार्वजनिक तौर पर इस हत्याकांड का नेतृत्व किया था। ये सब एकाएक नहीं हुआ था, हिजबुल और अलगाववादियों का अप्रत्यक्ष समर्थन कर रहे फारुख अब्दुल्ला तब भी चुप रहे थे या कार्यवाही करनें का अभिनय मात्र कर रहे थे जब भाजपाई और कश्मीरी पंडितों के नेता टीकालाल टपलू की 14 सित. 1989 को दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी।

अलगाववादियों को कश्मीर प्रशासन का ऐसा वरद हस्त प्राप्त रहा कि बाद में उन्होंने कश्मीरी पंडित और श्रीनगर के न्यायाधीश एन. गंजू की भी हत्या की और प्रतिक्रया होनें पर 320 कश्मीरी स्त्रियों, बच्चों और पुरुषों की हत्या कर दी थी। ऐसी कितनी ही हृदय विदारक, अत्याचारी और बर्बर घटनाएं कश्मीरी पंडितों के साथ घटती चली गई और दिल्ली सरकार लाचार देखती भर रही और उधर श्रीनगर की सरकार तो जैसे खुलकर इन आतताइयों के पक्ष में आ गई थी। इस पृष्ठभूमि में हिजबुल और जेकेएलएफ़ का दुस्साहस बढ़ना स्वाभाविक ही था और वह निर्णायक तौर पर कश्मीरी पंडितों की दुकानों-घरों पर 24 घंटे में घाटी छोड़ देनें या मार दिए जानें की धमकी के नोटिस चस्पां करनें की हद तक बढ़ गया। इसके बाद जो हुआ वह एक दुखद, क्षोभजनक, वीभत्स, दर्दनाक और इतिहास को दहला देनें वाले काले अध्याय के रूप में सामनें आया।

अन्ततोगत्वा वही हुआ जो वहां के अलगाववादी, आतंकवादी हिजबुल और जेकेएलफ़ चाहते थे। कश्मीरी पंडित पूर्व की घटनाओं, घरों पर नोटिस चिपकाए जानें और बेहिसाब कत्लेआम से घबराकर 19 जन. 1990 को हिम्मत हार गए। फारुख अब्दुल्ला के कुशासन में आतंकवाद और अलगाववाद चरम पर आकर विजयी हुआ और इस दिन साढ़े तीन लाख कश्मीरी पंडित अपनें घरों, दुकानों, खेतों, बागो और संपत्तियों को छोड़कर विस्थापित होकर दर-दर की ठोकरें खानें को मजबूर हो गए। कई कश्मीरी पंडित अपनों को खोकर गए, अनेकों अपनों का अंतिम संस्कार भी नहीं कर पाए, और हजारों तो यहाँ से निकल ही नहीं पाए और मार-काट डाले गए। विस्थापन के बाद का जो दौर आया वह भी किसी प्रकार से आतताइयों द्वारा दिए गए कष्टों से कम नहीं रहा कश्मीरी पंडितों के लिए। वे सरकारी शिविरों में नारकीय जीवन जीनें को विवश हुए। हजारों कश्मीरी पंडित दिल्ली, मेरठ, लखनऊ जैसे नगरों में सनस्ट्रोक से इसलिए मृत्यु को प्राप्त हो गए क्योंकि उन्हें गर्म मौसम में रहनें का अभ्यास नहीं था।

40 वर्ष पूर्ण हुए किन्तु कश्मीरी पंडितों के घरों पर हिजबुल द्वारा नोटिस चिपकाए जानें से लेकर विस्थापन तक और विस्थापन से लेकर आज तक के समय में मानवाधिकार, मीडिया, सेमीनार, तथाकथित बुद्धिजीवी, मोमबत्ती बाज और संयुक्त राष्ट्र संघ सभी इस विषय में कमोबेश बोले या नहीं यह तो नहीं पता किन्तु इन कश्मीरी पंडितों की समस्या का कोई ठोस हल अब तक नहीं निकला यह समूचे विश्व को पता है ये सच से मूंह मोड़ने और शुतुरमुर्ग होनें का ही परिणाम है कि कश्मीरियों के साथ हुई इस घटना को शर्मनाक ढंग से स्वेक्च्छा से पलायन बताया गया! इस घटना को राष्ट्रीय मनावाधिकार आयोग ने सामूहिक नर संहार माननें से भी इंकार किया; ये घोर अन्याय और तथ्यों की असंवेदी अनदेखी है!! नरेन्द्र मोदी सरकार कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास हेतु प्रतिबद्ध है और वह इस प्रतिबद्धता को दोहराती रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## उप मुख्यमंत्री ने डिप्टी कलेक्टर का पद पर चयनित सुश्री आयशा को किया सम्मानित



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग 2022 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई रीवा की बेटी और ऑटो चालक पिता का मान बढ़ाने वाली आयशा अंसारी को सम्मानित किया द्य श्री राजेंद्र शुक्ल ने बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दीं।

## रीवा बायपास कार्य समयसीमा में करें पूर्णः उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा-बायपास परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके पूर्ण होने से न केवल शहर में यातायात का दबाव कम होगा, बल्कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा-बायपास परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना सर्वोपरि है, ताकि आमजन को इस महत्वपूर्ण परियोजना का शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी श्री अविनाश लवानिया सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे मंत्री लोधी के परिजन मंत्री एवं उनके परिजनों ने सेवाएं दे रहे शिक्षकों-पालकों का किया सम्मान



दमोह ज्जबेरा विधानसभा में नवोदय विद्यालय की तैयारियां करा रहे प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में विधानसभा के 13 ग्रामों में लगभग 500 बच्चों को निज्शुल्क नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु कोचिंग क्लासेस चार माह पूर्व से संचालित की जा रही है, जिसमें राज्यमंत्री के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी एवं बहू मंजू लोधी ने पुस्तकें खरीदने में असमर्थ गरीब परिवार के बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की एवं पेपर प्रिंट कराकर सभी का नवोदय पैटर्न के आधार पर प्रत्येक सप्ताह टेस्ट लिया।

## सकल हिन्दू समाज दमोह की जिला कार्यकारिणी घोषित




दमोह- सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के द्वारा 20 जनवरी 2025 को स्थानीय नीलकमल गार्डन में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पुरोहित चंद्रगोपाल पौराणिक, पुजारी पुरोहित संघ जिलाध्यक्ष राहुल पाठक, अजाक्स नेता प्रताप रोहित के द्वारा सकल हिन्दू समाज की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई। जो इस प्रकार है- जिलाध्यक्ष कपिल सोनी, जिला महामंत्री सूर्यकांत चौरसिया, अनूप तिवारी, संतोष अठया, जिला उपाध्यक्ष नंदन चक्रवर्ती, कमल ठाकुर, हरिश्चंद्र पटैल एड., यषपाल ठाकुर, जगजीत सिंह (बिल्लू वाधवा), पवन गुप्ता, दयालु ठाकुर, राजीव राय साव, मनीष चौबे एड., प्रमोद विश्वकर्मा, लखन केशरवानी, जिला मंत्री गुड्डा यादव, मुकेश सेन, लखन तंतुवाय, रामलाल रजक, विनोद राठौर, अन्नु सोनी (बिल्ले), अजय संगतानी, रीतेश बग्गे ठाकुर, सुत्ती वंशवर्ती, देवेश खत्री, नगर अध्यक्ष राममनोहर घारू, युवा जिलाध्यक्ष मोन्टी रायकवार, युवा नगर अध्यक्ष राजू नामदेव, जिला कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र जैन अटल, महेन्द राजपूत कचेरे, विशाल शिवहरे, जिला मीडिया प्रबंधक डॉ. एल.एन. वैष्णव, जिला संपर्क प्रमुख नीलेश बाल्मिकी के नामों की घोषणा की गई। पत्रकार वार्ता का संचालन मोन्टी रायकवार एवं आभार राजीव राय साव के द्वारा व्यक्त किया गया।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ के मुरैना अधिवेशन के लिए आमंत्रण स्वीकार किया मुख्यमंत्री ने

**सिवनी।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अधिवेशन में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आमंत्रित करने के लिए 18 जनवरी 2025 को शासकीय कार्यक्रम में सिवनी मुख्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव से सिवनी जिला इकाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर आमंत्रण पत्र देते हुए मुरैना सम्मेलन में उपस्थिति के लिए आग्रह किया। ज्ञात हो कि आगामी 31 मार्च व 01 अप्रैल को मध्यप्रदेश के मुरैना जिला मुख्यालय में श्रमजीवी पत्रकार संघ का प्रांतीय अधिवेशन होना है। मुरैना के इस प्रांतीय अधिवेशन में प्रदेश भर से आने वाले श्रमजीवी पत्रकार साथियों के बीच माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्रमजीवी पत्रकार संघ के साथियों से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए उक्त सम्मेलन में उपस्थित होने के लिए आश्वासन दिया है।

### लीडलैस पेसमेकर का सफलतापूर्वक किया गया इंप्लांट

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का बन रहा है केंद्र

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सकीय टीम को दी बधाई

भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल न केवल विंध्य क्षेत्र, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बन रहा है। अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने यह साबित कर दिया है कि अब ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में भी जटिलतम चिकित्सा प्रक्रियाएं संभव हैं। लीडलैस पेसमेकर जैसे अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग हृदय रोगियों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है, और यह प्रक्रिया प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में नई ऊंचाइयां स्थापित करने का प्रतीक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार की प्राथमिकता है कि दूरस्थ इलाकों में रहने वाले लोगों को भी बड़े शहरों जैसी उन्नत चिकित्सा सुविधाएं मिलें।




रीवा स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। सतना जिले की 62 वर्षीय महिला मरीज को, जो पूर्ण हृदय अवरोध (हृदय की धड़कन 30) से पीड़ित थीं, अत्याधुनिक लीडलैस पेसमेकर का सफलतापूर्वक इंप्लांट कर नई जिंदगी प्रदान की गई। यह प्रक्रिया विश्वभर में हृदय रोगियों के लिए सबसे जटिल मानी जाती है और इसे सफलतापूर्वक संपन्न करना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, रीवा के लिए गौरव का विषय है। रीवा के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में यह प्रक्रिया डॉ. एस.के. त्रिपाठी और उनकी टीम ने तीन घंटे के कठिन ऑपरेशन के बाद सफलतापूर्वक पूरी की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए टीम को बधाई दी और उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की।

## सीएम राइज स्कूल में कान्वेंट स्कूलों जैसी मिलेगी शिक्षा : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

### पीके सीएम राइज स्कूल रीवा में बस सेवा का किया शुभारंभ




भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सीएम राइज स्कूल में आधुनिक शिक्षा के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन स्कूलों में गरीब परिवार सहित सभी बच्चों को कान्वेंट स्कूलों जैसी शिक्षा मिलेगी। पीके सीएम राइज स्कूल में 54 करोड़ रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त भवन बनाया जा रहा है। इसमें लगभग पाँच हजार छात्राओं को अच्छी शिक्षा की सुविधा मिलेगी। सीएम राइज पीके स्कूल रीवा में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बस सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने चार बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

## सहयोग क्रीड़ा मण्डल गोटेगांव द्वारा आयोजित खेलों की 41वी श्रंखला का भव्य आगाज

### केबिनेट मंत्री ने चोपड़ मे दांव लगाकर निभाई औपचारिकता.

नरसिंहपुर (गीत गोविंद पटेल) । सहयोग क्रीड़ा मण्डल गोटेगांव के तत्वावधान में 20 जनवरी से 23 जनवरी तक विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है. प्रदेश के केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह ने पत्रकारों को बताया कि गोटेगांव मे प्रतिवर्ष जनवरी माह मे विगत 41 बर्षो से लगातर एसकेएमजी (सहयोग क्रीड़ा मण्डल गोटेगांव) द्वारा खेलों का आयोजन यहाँ नेता जी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव मे आयोजित किया जा रहा है. जिसमें कबड्डी प्रो-कबड्डी, वॉलीबाल. खो-खो, चोपड़. सहित अन्य खेलों का आयोजन किया जाता है. जो कि आयोजन समिति द्वारा बहुत ही मेहनत एवं लगन के साथ अतिथियों खिलाड़ियों दर्शकों आगंतुकों के लिए हर संभव व्यवस्थायें की जाती हैं. संस्था द्वारा प्रथम वर्ष आयोजित किए गए खिलाड़ियों का एवं पदाधिकारियों सदस्यों का जिनमे भैयाजी. भीषण मसाब. चड्डा जी. भाईजान सहित सभी का अभिनंदन किया गया है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 23 जनवरी को गोटेगाँव आगमन प्रस्तावित.

उक्त कार्यक्रम के समापन मोका पर 23 जनवरी को गोटेगाँव मे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है. इस हेतु कलेक्टर और एसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये. कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले और एसपी श्रीमती मृगाखी डेका ने गोटेगाँव हैलीपैड और सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम का निरीक्षण कर अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में आमजनों के प्रवेश सहित पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्थायें कराने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर एवं एसपी ने बैरिकेडिंग, एम्बुलेंस मय चिकित्सक एवं स्टाफ, पार्किंग स्थल, पुलिस बल तैनाती की व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, एसडीएम श्रीमती देवंती परते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### फील्ड ट्रिप के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत हुए बच्चे*

## किड्जी स्कूल के बच्चों ने किया बैंक ,थाना ,पोस्ट ऑफिस ,नगर पालिका ,संग्रहालय का किया भ्रमण

मण्डला/अजीत पटेल--जिले में संचालित किड्जी प्ले स्कूल सिविल लाइन्स मंडला ने नन्हे विद्यार्थियों के लिए एक मनोरम फील्ड ट्रिप का आयोजन किया,इस अभियान का उद्देश्य नन्हें बच्चों को समुदाय सहायक एवं पब्लिक सेक्टर की आवश्यक जानकारी के साथ व्यापक बनाना,स्कूली शिक्षा के साथ हमारी दैनिक गतिविधियों में इन विभागों के योगदान से अवगत कराना रहा।स्कूली शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया।

इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में विजिट के दौरान ब्रांच मैनेजर रत्नेश सिंघई ने बच्चों को बैंकिंग गतिविधियों की जानकारी दी।यहां पर हमारे खाते में रकम जमा करना,रकम निकालना,एफडी आदि हमारे रोजाना की दिनचर्या में बैंकिंग के महत्व को समझाया।यातायात विभाग के भ्रमण करने के दौरान एस.आई.देवेंद्र परवार ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित जीवन के लिए इन नियमों के आवश्यक पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक जानकारियां दी गई।थाना कोतवाली के भ्रमण के दौरान थाना नगर निरीक्षक शफीक खान के निर्देशन में बच्चों को थाने क लॉकर,शिकायत दर्ज कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया। बढ़ते क्राइम से सतर्क रहने के लिए आवश्यक तथ्य बताए गए।पोस्ट ऑफिस में विजिट के दौरान पोस्ट मास्टर मंजूलता धूमकेती की मौजूदगी में बच्चों को डाक पत्र के महत्व,मेल से संबंधित आवश्यक जानकारियां एवं पोस्ट ऑफिस के आवश्यक कार्यों की जानकारी दी गई जो कि हमारी दिनचर्या में शामिल है।इसके पश्चात नगर पालिका मंडला में फायर शाखा में डायल 101 के संबंध में जानकारी दी गई, किसी स्थान पर आग लगने,विभाग को सूचित करने से लेकर आग बुझाने तक की मौजूद गतिविधियों के माध्यम से अवगत कराया गया।पुरातत्व विभाग के भ्रमण के दौरान बच्चों को विभागीय संबंधी जानकारी से अवगत कराया और यहां पर रखी प्राचीन कलाकृतियों एवं उसके संबंध में जानकारी दी गई।



फील्ड ट्रिप ने न केवल बच्चों के ज्ञान को बढ़ाया बल्कि टीम वर्क और सामाजिक संपर्क को भी बढ़ावा दिया।फील्ड ट्रिप के संचालन में डायरेक्टर निशांत शुक्ला,स्कूल प्राचार्या शालिनी शुक्ला एवं एकेडमिक को ऑर्डिनेटर राशि पमनानी एवं स्कूल प्रबंधन का विशेष योगदान रहा।

## रात्रिकालीन हांकी टूर्नामेंट में बड़ी रहा दर्शकों का रोमांच

### महिला शक्तिकरण को बढ़ावा देने घरेलू महिलाएं बनीं अतिथि



सिवनी- स्वर्गीय देवेंद्र सिंह राजपूत, यावेश होलू और आदिल रशीद खान की स्मृति में खेली जा रही अखिल भारतीय 7 साइड हाकी प्रतियोगिता के रात्रिकालीन मैचों में 2025 के दौरान 19 जनवरी को दो मैच खेले गए। पहला मैच उमरिया क्लब विरुद्ध उज्जैन स्पोर्टिंग क्लब के मध्य खेला गया इस प्रतियोगिता में आयोजकों द्वारा महिला सशक्तिकरण के तौर पर पारिवारिक पृष्ठभूमि की एक अनोखी पहल की गई है जिसमें घरेलू महिलाएं इस प्रतियोगिता में मैच के मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहीं जिनमें श्रीमती पूर्णिमा संत सिंह राजपूत, पूनम सतीश सिंह राजपूत, अंजू गोपाल सिसोदिया, श्रीमती पिंकी आशीष सोनी और श्रीमती ज्योति राजपूत ने हाकी टूर्नामेंट में सहभागिता निभाते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वहीं इस मैच के विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला थाना में डीएसपी पद पर पदस्थ प्रदीप वाल्मीकि रहे। इस टूर्नामेंट में दोनों ही टीमों ने आधुनिक हाकी का प्रदर्शन करते हुए बहुत ही शानदार मैच खेला इस मैच में उमरिया ने उज्जैन टीम को दो एक से प्राप्त किया। दूसरा मैच भुसावल क्लब और मणिनागेंद्र सिंह मेमोरियल क्लब के साथ हुआ इस मैच में दोनों ही टीमों ने बहुत ही अच्छी कला और कौशल का प्रदर्शन किया यह मैच दो-दो गोल से की बराबरी में रह। अंत में इस मैच का निर्णय ट्राई ब्रेकर के माध्यम से तय किया गया सडन डेथ से मणिनागेंद्र सिंह मेमोरियल क्लब नरसिंहपुर में भुसावल टीम को परास्त किया।

## औबेदुल्लागंज में चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

औबेदुल्लागंज (संवाददाता)- औबेदुल्लागंज 26 जनवरी गणतंत्र दिवस,गौरव दिवस, आनंद उत्सव के उपलक्ष्य में चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता 20 से 23 जनवरी का शुभारंभ दशहरा मैदान औबेदुल्लागंज में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे की अध्यक्षता में रिबन काट कर एवं झण्डी दिखाकर किया गया जिसमें मुख्य रूप से पार्षद प्रमोद सेन, सुजीत यादव, सना अमीर ममनून,सुनील सेरिया ,दीपेश परमार, विक्रम यादव, नरेश सेठी, हेमलता मनोज चौरसिया, अमित श्रीवास्तव पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा उपयंत्री मुकेश जैन नगर परिषद के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण एवं शिक्षा विभाग की ओर से खेल नोडल हमीर सिंह मोहानिया, परब चंद चौरे एवं बलराम नागर एवं खेल टीचर जैनब खान सुमायला सिद्दीकी ,नरेंद्र सेन एवं सभी शालाओं के बच्चे एवं स्पोर्ट टीचर एव नगर के युवा एवं बरिष्ठ जन सम्मिलित हुये द्य



## कौटिल्य स्कूल में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



*शाजापुर* /- कौटिल्य स्कूल में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सुंदर चित्रकला के माध्यम से सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह राजपूत उपस्थित रहे। उनके साथ यातायात प्रभारी श्री सौरभ शुक्ला, सुबेदार रवि वर्मा, सूबेदार सौरभ चैहान, स्कूल के निर्देशक श्री बृजेश यादव एवं शशि यादव और प्रधानाध्यापक श्री नरेन्द्र सिंह डोडिया, स्कुल स्टॉफ एंव छात्र-छात्राए कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह राजपूत ने बच्चों को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वाहन चलाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के साथ यह भी बताया कि वाहन चलाने के लिए न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने मोबाइल के दुष्प्रभावों को समझाते हुए बच्चों को जागरूक किया। डिजिटल अरेस्ट जैसी भ्रांतियों के बारे में बच्चो को बारीकी से बताया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह राजपूत द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई और सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का संकल्प लिया।

# भारिया जनजाति का युवक निशांत पहला डिप्टी कलेक्टर बना



जबलपुर। निशांत भारिया ने इस बार की राज्य सेवा परीक्षा में इतिहास रच दिया। वे इस जनजाति के पहले युवक हैं, जिन्हें डिप्टी कलेक्टर पद के लिए चुना गया है। पातालकोट इलाके के रहने वाले निशांत भूरिया ने पटवारी रहते हुए एमपीपीएससी की परीक्षा दी और सफलता पाई। 2022 की एमपीपीएससी परीक्षा में निशांत की रैंकिंग 19 रही। निशांत भूरिया को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफल होने पर डिप्टी कलेक्टर का पद मिलेगा। उन्होंने जनजाति समुदाय में पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त। निशांत की उम्र मात्र 25 साल है।

सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद निशांत को पोस्ट ऑफिस में नौकरी मिली। बाद में जबलपुर के ही पाटन में ही वे पटवारी के रूप में पदस्थ हुए। पटवारी रहते हुए ही उन्होंने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा दी, जिसमें सफलता मिली।भारिया जनजाति में डिप्टी कलेक्टर बनने वाला निशांत पहला युवक है। उनकी यह उपलब्धि सामान्य नहीं है। क्योंकि, निशांत भारिया जिस जनजाति से हैं, वह बेहद पिछड़ी जनजाति मानी जाती है। उसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने वाले टीचर सिद्धार्थ गौतम का दावा है कि भारिया जनजाति में पहली बार कोई डिप्टी कलेक्टर तक के पद पर पहुंचा है। इस पिछड़ी जनजाति का नाता मध्य प्रदेश के पातालकोट से है।

निशांत के पिता मुकेश भूरिया उसके जन्म के पहले मजदूरी करने पातालकोट से जबलपुर आए थे। मुकेश भूरिया साक्षर हैं और निशांत की मां बिल्कुल पढ़ी-लिखी नहीं है। निशांत की पढ़ाई जबलपुर के लज्जा शंकर झा मॉडल हाई स्कूल से हुई। यहां निशांत ने गणित विषय से 12वीं की परीक्षा 93त्न अंकों से पास की थी। यहीं से उन्होंने इंजीनियरिंग का एंट्रेंस निकाला और जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन लिया। निशांत अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरु सिद्धार्थ गौतम को देते है। सिद्धार्थ गौतम जबलपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाते हैं। उनका कहना है कि निशांत और उनके भाई को भी हमेशा मुफ्त शिक्षा देते रहे। क्योंकि, दोनों भाइयों में गजब की काबिलियत थी और उन्हें उम्मीद थी यदि इन्हें सही शिक्षा दी जाए तो यह प्रतियोगी परीक्षाएं निकाल सकते हैं। निशांत का कहना है कि यदि मौका मिला तो वे अपनी जनजाति के लोगों का जीवन स्तर सुधारने का काम करेंगे और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ेंगे।

**नाम परिवर्तन**

सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम SURAKSHA MORDIA D/o DILIP MORDIA था जो कि अब बदलकर मेरा नया नाम SURAKSHA SUNDRANI W/o DIVESH SUNDRANI हो गया है । अतः भविष्य में मुझे मेरे नये नाम SURAKSHA SUNDRANI W/o DIVESH SUNDRANI से जाना व पहचाना जाएें।

Add. : 225, Aadarsh Nagar, Narmada Road, Jabalpur-482008

## एस्पिरेशंस उनवेल्ड - यामाहा ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में अपने आइकोनिक मॉडल्स शोकेस किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया यामाहा मोटर (आईवाईएम) भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपनी 40 साल की उत्कृष्टता को सेलिब्रेट कर रहा है।। यह एक्सपो 17 से 22 जनवरी तक आयोजित हो रहा है। यामाहा अपने पैवेलियन में प्रीमियम दोपहिया वाहन सेगमेंट में किए गए अग्रणी योगदान और भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रहा है। ब्रांड का पवेलियन भारत के प्रीमियम दोपहिया सेगमेंट में यामाहा के अग्रणी योगदान और गतिशीलता परिदृश्य को आकार देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पैवेलियन का थीम एस्पिरेशंस अनवेल्ड यामाहा की सीमाओं से आगे बढ़ने और युवा भारतीय राइडर्स को प्रेरित करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी अपनी समृद्ध विरासत और भविष्य की आकांक्षाओं को जोड़ते हुए ग्राहकों को ऐसा अनुभव देने की तैयारी में है, जो लाइफस्टाइल, परफॉर्मेंस और इनोवेशन का प्रतीक हो।

## आयशर ट्रक्स एंड बसेस ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में लॉन्च की अपनी आयशर प्रो एक्स रेंज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वीई कमर्शियल व्हीकल्स की व्यावसायिक इकाई आयशर ट्रक्स एंड बसेस ने अपनी इलेक्ट्रिक फर्स्ट छोटे व्यावसायिक वाहनों (एससीवी) की रेंज आयशर प्रो एक्स भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में लॉन्च की। कंपनी की यह नवीनतम रेंज, तेजी से बढ़ रहे 2 से 3.50 टी सेगमेंट में, आयशर का शानदार प्रवेश है, जो अंतिम कड़ी के परिवहन की ज़रूरतों को पूरा करने और इसे बढ़ावा देने के आयशर के ध्येय को अंगीकृत करता है। इस अवसर पर वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री विनोद अग्रवाल ने कहा, हमने हमेशा से उद्योगों को नवाचार युक्त बेहतरीन उपाय देने की हमारी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए और लाइट और मीडियम ड्यूटी ट्रक्स में मज़बूत पकड़ की अपनी विरासत का फायदा उठाते हुए, इस नई सीरीज को बनाया है।

## पावर एंड इंस्ट्रुमेंटेशन ने 5 मेगावाट सोलर ईपीसी प्रोजेक्ट के लिए 17.07 करोड़ का ऑर्डर हासिल किया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड (एनएसई बीएसई - 543912), जो विद्युत ठेका और उपकरण उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक है, को 2 ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में हाइडल कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) से 17.07 करोड़ का एक महत्वपूर्ण कार्य ऑर्डर प्राप्त हुआ है। इस अनुबंध में लातूर जिला, महाराष्ट्र में 5 मेगावाट (एसी) सौर ऊर्जा परियोजना के लिए प्लांट और उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य शामिल है। इस परियोजना के दायरे में आवश्यक सौर ऊर्जा ढांचे की आपूर्ति, सभी उपकरणों को चालू करना और परियोजना को उच्चतम मानकों के साथ पूर्ण करना शामिल है। परियोजना की अपेक्षित अवधि प्रारंभिक तिथि से 18 महीने है।

## ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स3 भारत में लॉन्च हुई

मुंबई, एजेंसी। ऑटो एक्सपो 2025 के दूसरे दिन भारत में ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स3 को लॉन्च किया गया। बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से उत्पादितए यह स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल देश में पेट्रोल और डीजल दोनों पावरट्रेन्स में उपलब्ध होगा। ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स3 को पूरे भारत में बीएमडब्ल्यू डीलरशिप पर बुक किया जा सकता है। डिलीवरीज अप्रैल 2025 से शुरू होगी।दो दशकों से भी अधिक समय से, बीएमडब्ल्यू एक्स3 ने विश्व स्तर पर अपनी श्रेणी में सबसे अधिक बिकने वाले प्रीमियम मॉडल के रूप में राज किया है। यह बीएमडब्ल्यू एक्स3 ही था जिसने पहली बार प्रीमियम मिडसाइज क्लास में एसएवी सेगमेंट की स्थापना की थीए और यह बीएमडब्ल्यू एक्स मॉडल की वैश्विक सफलता की कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पहली पीढ़ी की बीएमडब्ल्यू एक्स3 पहला वाहन था जिसने बीएमडब्ल्यू डाइव इंटेलीजेंट ऑल-व्हील-ड्राइव सिस्टम की पेशकश की थी। अब अपने चौथे पीढ़ी के अवतार में, ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स3 ने भारत में नए सिरे से प्रपोर्शन्स, आधुनिक डिजिटलीकरण और सर्वश्रेष्ठ ड्राइविंग डायनैमिक्स के साथ भारत में प्रवेश किया है।

## नई मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक भारत में लॉन्च

मिनी इंडिया ने नई मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक को लॉन्च करने की घोषणा की है। कार कम्प्लीटली बिल्ट-अप यूनिट के रूप में उपलब्ध होगी और इसे देश भर के सभी मिनीअधिकृत डीलर्स के साथ-साथ शापडाट मिनी डाट इन पर बुक किया जा सकता है। डिलीवरीज अप्रैल 2025 से शुरू होगी।पांचवीं पीढ़ी की मिनी कूपर एस में मिनी बॉडी लैंग्वेज एवं ओरिजिन्स के अलावा जॉन कूपर वर्क्स पैक की स्पोर्टीनेस के साथ प्रगतिशील टेक्नोलॉजी का संयोजन किया गया है। साथ में, इसमें एक नई पर्सनैलिटी और हॉलमार्क ड्राइविंग डायनैमिक्स के साथ एक इनोवेटिव पंच दिया गया है। विक्रम पावह, प्रेसिडेंट और सीईओ बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, ''नए मिनी कूपर स जॉन कूपर वर्क्स पैक का लॉन्च, आधुनिक नवाचार के साथ सदाबहार डिजाइन को मिलाने की मिनी की विरासत पर जोर देता है।

## रॉयल स्टैग बूमबॉक्स-अपने तीसरे संस्करण के साथ लेकर आ रहा है अनुभवात्मक संगीत समारोह

देवास, एजेंसी। सीग्राम रॉयल स्टैग बूमबॉक्स अपने तीसरे संस्करण के साथ वापस आ रहा है, जो समकालीन हिप-हॉप बीट्स के साथ बॉलीवुड की प्रतिष्ठित धुनों को एक अद्भुत मिश्रण पेश करेगा। मिर्ची द्वारा निर्मित इस सीजन के साथ, प्रभावी संगीत समारोह 14 जनवरी, 2025 को मुंबई में एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग में अपने आगामी लाइनअप का प्रदर्शन किया जाएगा. यह अनूठा सांस्कृतिक फ्यूजन पारंपरिक और आधुनिक भारतीय संगीत के मिश्रण को फिर से परिभाषित करना जारी रखेगा, जो ब्रांड के 'लिविंग इट लार्ज' दर्शन के अनुरूप है। ब्रांड के लिए उपभोक्ताओं के साथ सीधे जुड़ने का संगीत एक प्रमुख स्तंभ है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स हिप-हॉप की रॉ एनर्जी के साथ बॉलीवुड की कालातीत धुनो को एक साथ लाता है, जो आज की पीढ़ी के लिए जनरेशन लार्ज की मूल ध्वनि का निर्माण करता है।

## दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की नो माही के लिए शानदार आय की रिपोर्ट दी

मुंबई, एजेंसी। दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड जो अपनी उत्पाद श्रृंखला को चीनी से परे बढ़ाकर सतत ऊर्जा और इथेनॉल समाधानों में विस्तार कर रही है, ने 18 जनवरी 2025 को आयोजित बोर्ड बैठक में 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए कंपनी के अनऑडिटेड फाइनैन्शल रिजल्ट को मंजूरी दी।दिसंबर की तिमाही के लिए कुल आय बढ़कर 7,358.37 लाख हो गई, जो 3,977.63 लाख (वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही) थी, जो मुख्य रूप से संचालन से राजस्व में तेज वृद्धि के कारण हुई, जो 3,932.93 लाख से बढ़कर 7,317.75 लाख हो गई। परिणामस्वरूप, कर पूर्व लाभ 178.91 लाख (वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही) से बढ़कर 746.04 लाख (वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही) हो गया, जो मजबूत परिचालन प्रदर्शन को दर्शाता है।

## किसना डायमंड ज्वेलरी ने बांटी 100 से ज्यादा खुशियों की चाबी!

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की अग्रणी ज्वेलरी रिटेल चेन में से एक किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने आज देशभर के 100 भाग्यशाली ग्राहकों को मारुति सेलेरियो कारें उपहार में दीं। ये कारें 11 शहरों में विजेताओं को एक साथ सौंपी गईं, जो ष्अबकीद्बबारद्बआपकेद्बलिए कैंपेन के भव्य समापन का हिस्सा था। इस शानदार पहल में 51,219 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिससे यह न केवल किसना के इतिहास में बल्कि पूरे उद्योग में सबसे बड़ी मुहिमों में से एक बन गई।यह कैंपेन 1 सितंबर, 2024 को शुरू हुआ और 18 जनवरी, 2025 को समाप्त हुआ। इसके तहत, ग्राहकों को 20,000 या उससे अधिक की डायमंड, प्लेटिनम, या सॉलिटेयर ज्वेलरी खरीदने पर और 50,000 या उससे अधिक की गोल्ड ज्वेलरी खरीदने पर कार जीतने का मौका दिया गया था। ग्राहकों को एक लकी ड्रा में भाग लेने का विकल्प दिया गया, जिसमें वे मारुति सुजुकी सेलेरियो जीत सकते थे।

# प्रदेश में नई गाइड लाइन 1 अप्रैल से लागू, बीच वित्त वर्ष में वृद्धि का प्रस्ताव नहीं चला!



भोपाल। प्रदेश सरकार का बीच वित्त वर्ष में तो गाइडलाइन में वृद्धि का प्रस्ताव धरा रह गया। अब 1 अप्रैल से नई गाइड लाइन लागू होगी, जिसकी तैयारी पंजीयन विभाग ने शुरू कर दी। पिछले दिनों भोपाल मुख्यालय ने नई गाइड लाइन बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी भिजवाए। दूसरी तरफ सम्पदा-1 के साथ 2 से भी रजिस्ट्रियां हो रही है और ऑनलाइन होने वाली इस रजिस्ट्री में जो दस्तावेज मिलता है। वह भी गुणवत्तापूर्ण रहता है, जिससे यह पहचानने में आसानी रहती है कि रजिस्ट्री कौन सी असली है और कौन सी उसकी फोटो कॉपी।

पंजीयन विभाग द्वारा नई लोकेशनों की तलाश के साथ-साथ कुछ क्षेत्रों में गाइड लाइन में वृद्धि भी की जाएगी, जहां पर अधिक दस्तावेजों का पंजीयन या जमीनों की खरीद-फरोख्त हो रही है। वहीं 2025- 26 की गाइडलाइन तैयार करने की प्रक्रिया भी अब शुरू की जा रही है। इस संबंध में पिछले दिनों सभी कलेक्टरों और जिला मूल्यांकन समिति अध्यक्षों के साथ वरिष्ठ जिला पंजीयक को निर्देश भिजवाए गए।

जिसमें जनता के सुझावों को आमंत्रित करने, जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित कर गाइडलाइन की अंतिम दरों का प्रारम्भिक प्रकाशन सम्पदा के माध्यम से कराए जाने और उसका प्रकाशन कर आम जनता से सुझाव लेने के अलावा यह भी कहा गया कि मूल्य सूचकांक और शहर या गांव में प्रस्तावित विकास को देखते हुए गाइडलाइन की दरें तय की जाएं। नई लोकेशन, कॉलोनियों को जोड़े जाने की स्थिति में दरें प्रस्तावित किए जाने के लिए सभी आवश्यक अनुमतियों की जानकारी भी ली जाए। जिलों में ऐसे स्थान, जहां पर जमीनों का अधिग्रहण हो रहा है या होने की संभावना है, के अलावा जो बड़े महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आ रहे हैं उसको भी देखते हुए दरें प्रस्तावित की जाए। दूसरी तरफ अभी सम्पदा-1 और सम्पदा-2 पर रजिस्ट्रियां की जा रही है। हालांकि अभी शुरुआत में सम्पदा-2 पर रजिस्ट्री करवाने वालों की संख्या कम है। मगर उसमें स्लॉट उसी दिन मिल जाता है। सम्पदा-1 में पहले सभी उपपंजीयकों को 25 स्लॉट मिलते थे, जिसे बाद में घटाकर 18 कर दिए। वहीं अब धीरे-धीरे सम्पदा-2 में अधिक रजिस्ट्रियां होने लगी हैं। हालांकि इसमें ऑनलाइन की प्रक्रिया अभी थोड़ी जटिल है।

## निवेश मामले में भारत शीर्ष पांच देशों में शामिल, पीडब्ल्यूसी सर्वेक्षण में आर्थिक वृद्धि पर भी जोर

यूरोप के दावेस में पांच दिवसीय विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक शुरू हुई। इस बैठक में पीडब्ल्यूसी द्वारा जारी वार्षिक सीईओ सर्वेक्षण में बताया गया कि सीईओ द्वारा बनाई गई निवेश योजनाओं और देश की आर्थिक वृद्धि के मामले में भारत दुनिया के प्रमुख देशों में शामिल है। साथ ही सर्वेक्षण में बताया गया कि लगभग 90 प्रतिशत भारतीय सीईओ आर्थिक विकास के प्रति आश्वस्त हैं और वे कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के उपयोग को बढ़ावा देने की योजना बना रहे हैं।

विश्व आर्थिक मंच की बैठक में जारी वैश्विक सर्वेक्षण में पाया गया कि भारत निवेश के मामले में शीर्ष पांच देशों में शामिल है, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और चीनी मुख्य भूमि भी शामिल हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 51 प्रतिशत भारतीय सीईओ का मानना है कि एआई का प्रभाव उनकी कंपनियों की लाभप्रदता पर सकारात्मक रहेगा। वहीं एक तिहाई सीईओ ने जलवायु-अनुकूल निवेश से राजस्व वृद्धि की बात की।

पीडब्ल्यूसी ने बताया कि 40 प्रतिशत से अधिक भारतीय सीईओ के लिए पिछले पांच सालों में उत्पाद और सेवा नवाचार सबसे आम सुधार कदम रहे हैं। इसके अलावा, भारत और दुनिया भर के 10 में से चार सीईओ ने कहा कि उनकी कंपनियों ने पिछले पांच सालों में कम से कम एक नए क्षेत्र या उद्योग में प्रतिस्पर्धा शुरू की है। इसके साथ ही सर्वेक्षण में बताया गया कि 87 प्रतिशत भारतीय सीईओ देश की आर्थिक वृद्धि को लेकर उत्साहित हैं, जो वैश्विक औसत 57 प्रतिशत से कहीं अधिक है। इसके साथ ही, 74 प्रतिशत सीईओ अगले तीन वर्षों में अपनी कंपनियों की राजस्व वृद्धि को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। पीडब्ल्यूसी ने यह भी बताया कि भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, व्यापार में आसानी (श्वश्वष्ठक्च), बुनियादी ढांचे का विकास और इसके युवा और कुशल कार्यबल निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। जाहिर सी बात है कि इतनी उपलब्धियों के बाद कुछ चुनौतियां भी होंगी। जारी सर्वेक्षण में इन चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला है, जिसमें तकनीकी बदलाव, व्यापक आर्थिक अस्थिरता, मुद्रास्फीति और कुशल श्रम की कमी सबसे प्रमुख हैं। भारतीय सीईओ ने विघटनकारी तकनीकी बदलाव को अपनी कंपनी की आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में से एक बताया।

## टाटा पावर ने ओडिशा में अत्याधुनिक विद्युत वितरण प्रौद्योगिकी केंद्र शुरू किया

**ग्राहक सेवा और परिचालन दक्षता में किया सुधार**

यह प्रौद्योगिकी केंद्र ओडिशा में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग और निर्बाध प्रणाली संचालन को सक्षम करेगा। डीएससीएडीए और एडीएमएसस से लैस, यह केंद्र आइटी और ओटी के एकीकरण के माध्यम से बढ़ी हुई नेटवर्क विश्वसनीयता और सटीक परिचालन नियंत्रण सुनिश्चित करेगा। ओपीसीओडीएल के लिए प्राथमिक डेटा केंद्र और अन्य 3 डिस्कॉम के लिए बैकअप डेटा हब के रूप में कार्य करते हुए यह केंद्र कन्ज़्यूमर-फेसिंग महत्वपूर्ण एप्लिकेशन्स और बिलिंग प्रणालियों का समर्थन करेगा।भुवनेश्वर ~ टाटा पावर और ओडिशा सरकार के संयुक्त उद्यम टीपीसीओडीएल ने आज भुवनेश्वर में एक अत्याधुनिक विद्युत वितरण प्रौद्योगिकी केंद्र का अनावरण किया है। वितरण नेटवर्क प्रबंधन और परिचालन उत्कृष्टता में यह एक बहुत बड़ा परिवर्तनकारी कदम है।इस केंद्र का उद्घाटन ओडिशा सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री के.वी. सिंह देव ने किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव, ओडिशा सरकार, श्री मनोज आहूजा; सीईओ और एमडी, टाटा पावर, डॉ प्रवीर सिन्हा; अध्यक्ष टीएंडडी, श्री संजय बंगा; टाटा पावर के नेतृत्व वाली ओडिशा डिस्कॉम - टीपीसीओडीएल, टीपीएसओडीएल, टीपीडब्ल्यूओडीएल और टीपीएनओडीएल के सीईओ और सरकार और टाटा पावर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रौद्योगिकी विकास में मजबूत गति से बढ़ रहा भारत, डिजिटल नवाचार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में सबसे आगे



दुनियाभर की अन्य एजेंसियों और संगठनों के बाद अब विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने भी प्रौद्योगिकी विकास में भारत के मजबूत रफ्तार से आगे बढ़ने की तारीफ की है। डब्ल्यूईएफ ने कहा, भारत प्रौद्योगिकी विकास के दौर में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। साथ ही, स्टार्टअप और डिजिटल नवाचार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में सबसे आगे खड़ा है।

भारत में विश्व आर्थिक मंच के संपर्क कार्यालय सेंटर फॉर द फोर्थ इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन (सी4आईआर) इंडिया ने दावोस में डब्ल्यूईएफ की सालाना बैठक-2025 के उद्घाटन दिवस पर सोमवार को अपनी छह साल की यात्रा को लेकर रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट की प्रस्तावना में कहा गया है कि भारत विकास के प्रतिमान को आगे बढ़ा रहा है, जहां प्रौद्योगिकी कोई?बाधा नहीं है, बल्कि यह समावेशी भलाई के लिए एक पुल के रूप में काम करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में सी4आईआर इंडिया केंद्र का उद्घाटन किया था। सामाजिक भलाई एवं उन्नति के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों को जिम्मेदारी से और समावेशी रूप से इस्तेमाल करने की भारत की प्रतिबद्धता के रूप में इसे शुरू किया गया था। डब्ल्यूईएफ ने कहा, आज सी4आईआर इंडिया सिर्फ नवाचार का ही नहीं, बल्कि विश्व आर्थिक मंच का एक प्रमुख केंद्र है। यह प्रभावशाली और जमीनी परिणामों के साथ प्रौद्योगिकी संचालित विकास के दृष्टिकोण का उदाहरण है। हमें अधिक मानव केंद्रित, पर्यावरण अनुकूल और मजबूत भविष्य को आकार देने में भागीदार के रूप में भारत के साथ कार्य करने पर गर्व है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के साथ डब्ल्यूईएफ की साझेदारी 40 साल से भी अधिक पुरानी है। पिछले चार दशक में यह संबंध राष्ट्रीय सरकार, कई राज्य सरकारों, बड़े उद्योगों के प्रमुखों, नागरिक समाज एवं अग्रणी विशेषज्ञों सहित अन्य महत्वपूर्ण पक्षों के साथ एक मजबूत, बहुआयामी और सार्थक सहयोग के रूप में विकसित हुआ है। इसके परिणामस्वरूप सामाजिक भलाई के लिए कई महत्वपूर्ण पहल हुई हैं। विश्व आर्थिक मंच के प्रबंध निदेशक जेरेमी जुर्गेन्स ने कहा, पिछले छह वर्षों में सी4आईआर इंडिया विभिन्न पक्षों के साथ सहयोग के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। बढ़ी आजीविका और स्वास्थ्य देखभाल तक बेहतर पहुंच से 12.5 लाख नागरिकों के जीवन में सुधार आया है।

## पॉवर लिफ्टिंग में नगर का बेटा नेपाल में दिखाएगा जौहर



आष्टा। हमारे नगर में विभिन्न कला एवं खेल गतिविधियों में बहुत सी प्रतिभाएं है, हमें आवश्यकता है ऐसी प्रतिभाओं को निखारने की। पालकगणों को अपने बच्चों की रूचि समझकर उन्हें रूचि अनुसार आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। बदाव डालकर पालकों की इच्छानुसार बच्चों को बदला नही जा सकता, बल्कि उनकी इच्छानुसार ही उनमें बदलाव संभव है।

इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने उनके निज निवास कार्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में चयनित हुए वीराज घेंघट का स्वागत कर व्यक्त किए। वीराज घेंघट के चयन होने पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा उनका पुष्पमाला पहनाकर एवं भेंट देकर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कोच अशोक साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि वीराज घेंघट की मेहनत व लगन के दम पर नेपाल के पोखरा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में चयन हुआ है, उक्त प्रतियोगिता 22 जनवरी से प्रारंभ होकर 25 जनवरी तक चलेगी। इस अवसर पर कोच अशोक साहू, राजेश घेंघट, विजय घेंघट, कैलाश घेंघट, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, पूरणसिंह मेवाड़ा, आकाश मेवाड़ा आदि मौजूद थे।

## विधायक ट्रॉफी टूर्नामेंट का ललिता यादव ने किया शुभारंभ

### पड़रिया में 10 लाख के समाज भवन का भूमि-पूजन



छतरपुर। छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने सोमवार को छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पड़रिया में आयोजित विधायक ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने खुद बल्ला पकड़कर गेद का सामना किया।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि खेलों से न केवल शरीर बल्कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य भी दुरूस्त रहता है। इसलिए जीवन में खेल भी महत्वपूर्ण स्थान रखते है। खेलों से एकता की भावना भी जागृत होती है। टूर्नामेंट के विजेता को आयोजन समिति की ओर से 11 हजार रुपए तथा उप विजेता टीम को 51 सौं रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मोनू सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और आयोजक समिति के सदस्य मौजूद थे। इसी दौरान विधायक श्रीमती ललिता यादव ने ग्राम पड़रिया में ही दस लाख की राशि से बनने वाले समाज भवन का विधिविधान के साथ भूमि-पूजन किया। भूमि-पूजन समारोह में सरपंच, उप सरपंच, पंच, सचिव तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

### निर्माण एजेंसी ने पुल निर्माण पूरा किया रंगाई पुताई की काम पूरा

## 10 करोड़ की लागत से बने पार्वती पुल की सौगात शहरवासियों को फरवरी माह में मिलेगी





आष्टा। शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर पर पार्वती नदी पर नया पुल बनकर तैयार हो गया है जल्द ही पुल का लोकार्पण होगा जिसकी तैयारियां की जा रही है।

बता दे की पुराना बस स्टैंड के पास भोपाल इंदौर मार्ग पर पीडब्ल्यूडी ने ब्रिज कॉरपोरेशन निर्माण एजेंसी से करवाया है, निर्माण पिछले 1 साल से चल रहा था जो कि अब जाकर पूरा हुआ है प्रशासन ने पिछले महीने ही नगर पालिका की दुकाने पुल निर्माण में बाधा बन रही थी उन्हें हटाया था उसके बाद पुल निर्माण पूरा हुआ और अब जल्द ही शहरवासियों को नए पुल की सौगात मिलेगी नया पुल बन जाने के बाद अलीपुरवासियों को भी आवागमन सुलभ होगा।

**पुराना पुल हो गया था जर्जर** पार्वती नदी पर बना पुराना पुल काफी जर्जर और उसकी उम्र भी पूरी हो चुकी थी कई बार शहर वासियों ने प्रशासन और जन प्रतिनिधियों को नया पुल बनाने की मांग की थी क्षेत्रीय विधायक ने शहर वासियों की मांग को पूरा किया और नए पुल बनवाया। पुल की लागत 10 करोड़ के करीब बताई गई है।

फरवरी माह में होगा पुल का लोकार्पण इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर पार्वती पुल पर बना नया पुल फरवरी माह में लोकार्पण होगा।

## कोठरी की बालिकाओं ने जूडो-कराटे में जीता गोल्ड एवं सिल्वर



आष्टा। तहसील अंचल के ग्राम कोठरी की शासकीय उमावि एवं छात्रावास की कक्षा 7वीं में अध्ययनरत बालिकाएं संध्या पेरवाल एवं तनिक्षा पेरवाल द्वारा राज्य स्तरीय जुड़ो कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल प्राप्त कर क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर स्थानीय भोपाल नाका स्थित मोहित किराना स्टोर्स पर स्वागत सम्मान कार्यक्रम नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की विशेष उपस्थिति में आयोजित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि इतनी छोटी आयु में दोनों बालिकाओं ने राज्य स्तर पर आष्टा तहसील का नाम गौरवान्वित किया है इसके लिए बालिकाओं के साथ-साथ उनके कोच प्राची बधाई की पात्र है जिन्होंने उन्हें तराशा है। इस अवसर पर गुरु रविदास जांगडा सूर्यवंशी समाज वेलफेयर सोसायटी धर्मशाला एवं छात्रावास निमार्ण समिति के पूर्व अध्यक्ष कैलाशचन्द्र प्रहलाथिया, मुगली सरपंच ज्ञानसिंह ठाकुर, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, गजराजसिंह ठाकुर, सुनील जामलिया, श्रवण बामनिया आदि उपस्थित थे।

# द ग्रेट खालसा कप 2025 का शुभारंभ आज

**छिंदवाड़ा।** द ग्रेट खालसा कप 2025 के पहले क्रिकेट मैच का शुभारंभ आज दिनांक 21 जनवरी 2025 दिन मंगलवार हो होने जा रहा है। इसमें सर्व सकल समाज जिसमें झंग (पंजाबी), सिंधी, हिन्दु पंजाबी और सिख समाज के प्लेयरों को मिलाकर टूर्नामेन्ट प्रारंभ स्थानीय पी.जी. कालेज ग्राउण्ड छिंदवाड़ा में होगा। इस टूर्नामेन्ट में शहर की 16 क्रिकेट टीमें भाग लेने जा रही हैं। प्रतियागिता का समापन 26 जनवरी 2025 दिन रविवार का होगा।

# गरीब मजदूर का शव लाने सांसद ने उपलब्ध कराई एम्बुलेंस

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू को सूचना प्राप्त हुई थी कि अजनिया निवासी आर्थिक रूप से कमजोर युवनाती परिवार के युवक का बैंगलोर में निधन हो गया है। जिसका छिन्दवाड़ा शव लाने में परिवार को आर्थिक परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने संवेदनषीलता का परिचय देते हुए तत्काल ही बैंगलोर में संपर्क कर मृतक प्रदीप युवनाती का शव छिन्दवाड़ा लाने के लिए तत्काल ही एम्बुलेंस उपलब्ध कराई है।

# आज मप्र एनएसयूआई के आदेश पर सदस्यता अभियान

**छिंदवाड़ा।** एन.एस.यू.आई. ने राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले पीएम एक्सीलेंस कॉलेज छिंदवाड़ा में चलाया सदस्यता अभियान में देनप प्रदेश महासचिव अपेक्षा सूर्यवंशी व एन.एस.यू.आई. छात्र नेता अर्पित तिवारी ने छात्र छात्राओं को बताया कि यदि उन्हें महाविद्यालय में या विश्वविद्यालय में कभी भी कोई भी समस्या उत्पन्न होती है तो एन.एस.यू.आई संगठन उन सभी समस्याओं का समाधान करवाने बाला नेतृत्व तैयार करता है। जिससे उन्हें होने वाली परेशानी का समाधान आसानी से हो जावे। छात्र नेता अर्पित तिवारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज छात्र छात्राओं की दबी हुई आवाज देनप उठा रही है और छात्र छात्राओं को न्याय दिला रही है उनके अधिकार के लिए लड़ाई लड़ रही है। स्कॉलर शिप, गृह आवास भत्ता, जैसी योजनाओं का लाभ छात्र छात्राओं को समय में नहीं मिल पाता इसकी वजह से छात्र छात्राएं के चेहरे उनका हक छीनने के कारण मायूस नजर आता है। इन्हीं मायूस चेहरे में मुस्कान देनप छात्र संगठन लाता है उनके अधिकार के लिए लड़ कर। इस सदस्यता अभियान में मिंटू प्रजापति,सूरज विहारे, शिवनाराण वर्मा, शुशील परतेती, अभिजीत इवनाती, शिवपाल सल्लाम, सहित महाविद्यालय के छात्र की सहभागिता रही।

## रानी दुर्गावती की जयंती पर जनजातीय विकासखण्डों में प्रेरणा उत्सव का आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** स्वाधीनता संग्राम की अप्रतिम गोण्ड नायिका वीरांगना रानी दुर्गावती के 500वें जन्मवर्ष को प्रेरणा उत्सव के रूप में मनाये जाने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। प्रदेश के 325 विकासखण्डों में से 89 जनजातीय विकासखंडों में एक दिवसीय %प्रेरणा उत्सव% का आयोजन किया जायेगा। जिसमें वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन और अवदान पर केन्द्रित नृत्य-नाटिका एवं चित्र प्रदर्शनी भी संयोजित की जायेगी। छिंदवाड़ा जिले के 4 जनजातीय विकासखंडों में भी प्रेरणा उत्सव का आयोजन म.प्र.संस्कृति परिषद के द्वारा किया जाएगा। विकासखंड हर्रई में 25 जनवरी को, बिछुआ में 26 जनवरी और तामिया व जुन्नारदेव में 27 जनवरी 2025 को एक दिवसीय %प्रेरणा उत्सव% का आयोजन किया जाएगा। गतिविधि शाम 6 बजे से प्रारंभ होगी। कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह ने इस आयोजन के संबंध में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक समन्वय एवं कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## विक्रम देव सरयाम ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग से आबकारी उप निरीक्षक के पद पर हुआ चयन

**छिंदवाड़ा**/पांडुरना। जिले के छोटे से गांव गोविंदपुर के निवासी और एक कृषक परिवार में कृषक देवराम सरयाम एवं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 25 से पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रही श्रीमती रामप्यारी सरयाम के पुत्र विक्रम देव सरयाम जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग से आबकारी उप निरीक्षक बैच- 2022 के पद पर चयन होकर अपने लक्ष्य को हासिल कर परिवार, समाज एवं जिले का नाम रोशन किया। विक्रम देव की शुरुआती शिक्षा दीक्षा अपने गांव गोविंदपुर के ही शासकीय विद्यालय में हुई। इसके बाद उन्होंने आगे के अध्ययन के लिए छिंदवाड़ा में छात्रावास (हॉस्टल) में रहकर अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखी, जहां उन्होंने अपनी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने

# गिट्टी बिछाकर छोड़ दी सड़क, चलना हुआ दूभर: कांग्रेस का आरोप



**छिन्दवाड़ा-** अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास का दम्भ भरने वाली भाजपा सरकार के खोखले व झूठे वायदों के साथ ही भ्रष्टाचार की पोल निरंतर खुलती जा रही। आदिवासी अंचल को हासिय पर रखने वाली सरकार का दोहरा चेहरा जनता के सामने आ चुका है। सड़क पर गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया गया जिस पर चलना दुभर हो गया है। उक्त उदगार आज जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कांग्रेस के बटकाखापा ब्लॉक अध्यक्ष कमलभान शाह व धनौरा समन्वयक बरकत खान ने व्यक्त किए हैं।

कमलभान शाह व बरकत खान ने जारी बयान में आगे कहा कि अमरवाड़ा विधानसभा में अधूरे पड़े विकास के कार्य कमीशनखोरी की भेंट चढ़ चुके हैं। क्षेत्र में अनेकों ऐसे कार्य है जो प्रारंभ तो हुए किन्तु आज तक पूर्ण नहीं हो पाए है। इन ज्वलंत समस्याओं पर आदिवासी भाजपा नेता विधायक कमलेश प्रताप शाह का कोई ध्यान नहीं है इसका एक उदाहरण हर्रई से जुन्नारदेव तक निर्माणाधीन सड़क है जिस पर आदिवासी अंचल के करीब 20 गांव के लोगों का चलना दुभर हो गया है। अपने-आपको आदिवासी हितैषी कहने वाली झूठी भाजपा सरकार और उसके विधायक कमलेश प्रताप शाह का भी इस ओर ध्यान नहीं है। महल से जुड़े कमीशन के खेल में जनता को मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया नहीं हो पा रही। ऐसे अनेकों निर्माण है जो प्रारंभ तो हुए है किन्तु पूर्ण नहीं हो पाए जिसका दंश जनता को झेलना पड़ रहा। श्री शाह व खान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के अंत में कहा कि एमपीआरडीसी के तहत हर्रई से जुन्नारदेव तक सड़क का निर्माण हो रहा है। उदित इन्फ्रा वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड़ नामक कम्पनी के द्वारा सड़क बनाई जा रही, किन्तु विगत डेढ़ वर्ष से इस सड़क पर गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया है। बटकाखापा से छिन्दी तक लगभग 30 किमी के दायरे में लगभग 20 गांव की बसाहट है जिन्हें प्रतिदिन प्रत्येक कार्य से इसी सड़क से गुजरना है किन्तु गिट्?टी बिछी होने के कारण चलना मुश्किल हो चुका। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लोगों की समस्याओं पर भाजपा सरकार व उनके विधायक का कोई ध्यान नहीं है। श्री शाह व खान ने कहा कि भाजपाई आदिवासी हितैषी होने का नाटक ना करें, जमीनी स्तर पर उनके लिए कार्य करें और भाजपा विधायक कमलेश शाह के अनुगामी भाजपाई भी विकास की बात करने से पहले सड़क की दुर्दशा को एक बार अवश्यक देख लें।

# 'बाघ की तरह ही जंगल, पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करना हमारा कर्तव्य

### देलाखारी अनुभूति शिविर



छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड व वन विभाग छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली बच्चों के लिए अनुभूति पश्चिम वन मंडल छिंदवाड़ा वन परिक्षेत्र देलाखारी के गौघाट आयोजित किया गया हैं। छिंदवाड़ा जिले के पश्चिम वनमंडल के वन परिक्षेत्र देलाखारी शासकीय माध्यमिक शाला विद्यालय बम्हनी के छात्र छात्राओं ने वन व पर्यावरण के प्रति जागरुक कराने के लिए अनुभूति कैम्प का आयोजन किया। अनुभूति मास्टर ट्रेनर मोहन साहू ने जंगल के बाघ को बारे में हम हैं बदलाव की जानकारी के साथ प्रकृति पथ पर पेड़, पौधों, घाँस,औषधीय पौधों की पहचान करवाई, उनके उपयोग से अवगत करवाया, वृक्ष एवं वनों के महत्व, पर्यावरण, खाद्य श्रृंखला, दीमक की बामी, हिरण एवं मृग प्रजाति में अंतर बताया,नदी नाले में जल का प्रवाह, भू जल संरक्षण की जानकारी दी व्ही एस कुशरे, गोस्वामी अनुभूति प्रेरक पर्यावरणीय असंतुलन एवं उसके होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी एवं वनों के संरक्षण हेतु विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम में वन विभाग की संरचना एवं विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती, पदोन्नति एवं पदों की जानकारी दी। मिशन लाईफ तितलियों के जीवन चक्र जानकारी,चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई, अनसिले कपड़े से थैला बनाना गतिविधियां कराई गई,फीडबैक फार्म भरवाए, शपथ ग्रहण करवाई, साथ मैं भी बाघ- हम हैं बदलाव छात्र छात्राओं को देलाखारी निबंध प्रतियोगिता अरविंद उइके कपिल भारती,अर्जुन भारती, वन परिक्षेत्र अधिकारी देलाखारी वन परिक्षेत्र अधिकारी अंचल भरद्वाज ,आसाशकीय मास्टर ट्रेनर मोहन साहू शासकीय प्रेरक गोस्वामी अनुभूति शासकीय प्रेरक गोविंद नारायण तिवारी, रोहित कुमार यादव राठौर, प्रखर सोनी, ने वन प्राणी,पर्यावरण संरक्षण की जानकारी छात्र छात्राओं को दी कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि, जितेन्द्र शाह, कुन्ती ईवनाती जनपद सदस्य, भगवत यादव, लघु वन उपज समिति अध्यक्ष ग्राम पंचायत सिंगोड़ी उपसरपंच सीताराम यादव , कमलेश यादव पूर्व पेरक महेंद्र यादव, अनिल डेहरिया, वी ऊइके, ए के डेहरिया,आर पी पंद्रे वन परिक्षेत्र अधिकारी नेपाल परतेती, किसोरी यादव, संदीप खमरिया चंद्रभान शाह, विभाग का अमला सहित शिक्षकलखन लाल आहके, प्रेमलाल भारती, वनरक्षक, चैत लाल यादव, परतें , श्रीमती अंजना डाहरिया शिक्षक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया अनुभूति कार्यक्रम के समापन वन परिक्षेत्र अधिकारी अंचल भरद्वाज ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## एजे इलेवन सांसद कप क्रिकेट प्रतियोगिता की चैंपियन बनी

परासिया। परासिया के क्रिकेट खिलाड़ियों को यहां के युवाओं द्वारा एक क्रिकेट खेल मंच प्रदान किया गया, जो सराहनीय है। इस आयोजन से यहां छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिला है। इस तरह के आयोजन यहां आगे भी निरंतर जारी रहेंगें। उक्त आशय के उद्गार सांसद कप क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किये। मयूरभंज के खेल मैदान में सांसद कब क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच एजे11 परासिया और वंदे मातरम क्रिकेट क्लब जामई के बीच खेला गया। एजे 11 परासिया ने वंदे मातरम क्लब जामई को 5 विकेट से पराजित कर कप पर कब्जा किया। सांसद बंटी विवेक साहू ने समापन समारोह में पुरस्कार वितरण किया। विनय सिंह गौतम, कृष्णराज सिंग सरस्वार, गप्पू चौधरी की स्मृति मे प्रतियोगिता आयोजित की गई। वंदे मातरम क्लब जामई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। ि

# जनसेवा हिताय संगठन का जबलपुर में हुआ सम्मान



जबलपुर में तमिल संगम समुदाय के जबलपुर संभागीय स्तर के पोंगल महोत्सव का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम जबलपुर संभाग की तमिल संगम के संचालक श्री जीएस भारती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में श्री कच्छी कोठी सेवा ट्रस्ट, मरियम्मा मंदिर समिति जैसे कई संगठनों में अपने सहभागिता निभाई इस कार्यक्रम में भोपाल के कलाकारों ने भी पोंगल डांस और भरतनाट्यम की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हमारे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री रहे साथ ही इंडियन आइडल के तीन सीजन के विजेताओं ने भी अपनी प्रस्तुति दी इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मशहूर कामेंडीयन के के नारायण और डॉक्टर पवन संस्थापक को आमंत्रित किया गया था जन सेवा हिताय संगठन के अध्यक्ष हर्षा बानो दे के नेतृत्व में संगठन की टीम के संरक्षक शंकर निमजे कोषाध्यक्ष लक्ष्मी निमजे ,सचिव आयशा लोधी जी, मीडिया प्रभारी अखिल सूर्यवंशी सदस्य दीपक चौरसिया जी जबलपुर के कार्यक्रम में उपस्थित हुए इस कार्यक्रम में जन सेवा हिताय संगठन को समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया साथ ही संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की गई

# शासकीय पशु चिकित्सालय चांद, पशु औषधालय बासखेड़ा व कामधेनु गौशाला का किया निरीक्षण



छिन्दवाड़ा। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार ने आज विकासखंड चौरई के नगरपरिषद चांद के शासकीय पशु चिकित्सालय चांद व पशु औषधालय बासखेड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था प्रभारी को विभागीय सभी लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए । इसके बाद उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.पक्षवार ने ग्राम दिलावर मोहगांव की कामधेनु गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 105 गौवंश उपलब्ध पाए गये। 72 बोरी सुदाना व एक ट्रक भूसा पाया गया। गौशाला द्वारा गौशाला में निर्मित खाद का 25500 रूपये एवं मक्का 21000 रूपये का विक्रय किया गया। गौशाला परिसर में फलदार पौधे जैसे अमरूद, आम जामुन, कटहल एवं आंवला तथा नेपियर घास लगाई गई है। उप संचालक डॉ.पक्षवार ने पानी के टांके की सफाई करने तथा गोबर खाद की नीलामी करने व भूसा गोदाम के गेट को लगाने के निर्देश दिए। गौशाला को स्वावलंबी बनाने के लिये गोबर से गौकाष्ट एवं गौमूत्र से प्रोडक्ट बनाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप संचालक डॉ.पक्षवार के साथ डॉ.वंदना मरकाम, एफ.एल.माहोरे, एस.पी. धुर्वे व राम प्रसाद धुर्वे उपस्थित थे।

# 7 साल की बच्ची के लिए मसीहा बने डॉ. मनन गोगिया




छिंदवाड़ा । जिले के जुन्नारदेव ब्लॉक के दमुआ में एक दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब 7 वर्षीय मासूम बच्ची घर में अकेली थी। बच्ची के माता-पिता मजदूरी के लिए बाहर गए हुए थे। इस दौरान खेल-खेल में बच्ची ने घर में रखी छर्रे वाली बंदूक से फायर कर दिया। इस हादसे में छर्रे सीधे बच्ची के पेट में लग गए, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन बच्ची को तुरंत पास के अस्पताल ले गए, लेकिन वहां के डॉक्टरों ने मामले की गंभीरता देखते हुए इलाज करने से हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद बच्ची को छिंदवाड़ा के क्लेरिस हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉ. मनन गोगिया ने मामले की जिम्मेदारी ली। जांच के दौरान पता चला कि छर्रों के कारण बच्ची के पेट में 14 गंभीर चोटें आई थीं। डॉ. मनन ने इस जटिल मामले को चुनौती के रूप में स्वीकार किया और तुरंत ऑपरेशन शुरू किया। घंटों चले इस ऑपरेशन में उन्होंने बच्ची के पेट से छर्रे निकालकर उसकी जान बचाई। ऑपरेशन के बाद बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ है। बच्ची के परिजनों ने इस अद्भुत सफलता के लिए डॉ. मनन गोगिया का आभार व्यक्त किया और उन्हें अपनी दुआएं दीं। डॉ. मनन ने अपनी कुशलता और समर्पण से साबित कर दिया कि एक डॉक्टर के लिए सबसे बड़ा धर्म मरीज की जान बचाना है। यह घटना न केवल डॉ. मनन की चिकित्सा विशेषज्ञता को दर्शाती है, बल्कि उनकी मानवता और समर्पण की मिसाल भी पेश करती है।

# अखिल भारतीय लोधी और नुन्हारिया मेहरा समाज की प्रतिभाओं को सांसद ने किया सम्मानित



**छिन्दवाड़ा।** समाज द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान किया जाना एक सराहनीय पहल है, इससे जहां समाज में छिपी प्रतिभाओं का पता लगता है वहीं प्रतिभाओं को भी आगे आने का अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजन हर समाज में निरंतर होते रहना चाहिए। उक्त आशय के उद्गार अखिल भारतीय लोधी और नुन्हारिया मेहरा समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किये। रविवार को अखिल भारतीय लोधी/लोधा/लोध अधिकारी कर्मचारी संघ छिन्दवाड़ा का चतुर्थ जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान का आयोजन राधा कृष्ण लॉन एवं नुन्हारिया मेहरा विकास समिति छिन्दवाड़ा का प्रतिभा सम्मान समारोह सिंधु भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा दोनों समाजों की प्रतिभाओं को मोमेन्टो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आलोक संघ एवं लोधी क्षत्रिय समाज के द्वारा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिषत से अधिक के बच्चो, समाज के नवनियुक्त एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों सहित अन्य प्रतिभाओं का सम्मान किया। इसी तरह नुन्हारिया मेहरा विकास समिति ने भी 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक उत्तीर्ण विद्यार्थियों एवं एम.बी.बी.एस. में चयनित दो युवाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रमों में महापौर विक्रम अहाके, अरविंद राजपूत, सौरभ ठाकुर, नुन्हारिया मेहरा विकास समिति के वरिष्ठ विषन लाल झावरे, मंगल सिंह, अध्यक्ष अत्तरलाल कोलारे, उपाध्यक्ष संतोष वस्त्राणे, सचिव संजय मेहरा, कोषाध्यक्ष महेंद्र खातरकर, सहसचिव संतोष मस्तकार, सक्रिय सदस्य हेमराज बुनकर, अखिल भारतीय लोधी समाज के जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह जंघेला, जी.एस.टी. जबलपुर कमिश्नर लोकेश लिल्हारे, प्रदेश अध्यक्ष आर.एस. लोधी, प्रदेष संयोजक श्रीमति कामिनी राजपूत, विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थें।



## समाजसेवी दयानंद ने बॉटे गर्म कपड़े

छिंदवाड़ा - समाजसेवी दयानंद चौरसिया द्वारा विगत् लंबे समय से शहर में गरीब, मजदूरों की मदद करने का कार्य जारी है, जिसमें सर्दियों से बचाव हेतु गर्म कपड़े का वितरण करना, बारिस से राहत दिलाने के लिये निगम के बॉल मेनों को रेन कोर्ट का वितरण करना और गर्मी के नगर निगम कर्मचारियों को कैप एवं गमछों का वितरण किया साथ ही विभिन्न स्थानों पर आमजनों हेतु गर्मी के दिनों में प्याउ लगाना, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सड़कों के गड्डे भरने, जन सुनवाई में दूर दराज के क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिये नाश्ते की व्यवस्था करना जैसे अन्य कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज उन्होनें नगर पालिक निगम के नल के गड्डे खोदने में लगे मजदूरों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। जिसमें विशेष रूप से राहुल गुप्ता का सहयोग रहा।

# सीएम राइज विद्यालय चौरई के छात्र छात्राओं ने किया शैक्षणिक और औद्योगिक भ्रमण

### बच्चो ने जानी युवा कौशल की जानकारी

**छिंदवाड़ा।** चौरई जिला छिन्दवाड़ा मध्य प्रदेश के सीएम राईज स्कूल के ट्रेड हेल्थ केयर, एवम आई टी ट्रेड के बच्चों का ओद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण करवाया गया। जिसमें सभी बच्चो ने मेडिकल कॉलेज छिन्दवाड़ा एवम एफ डी डी आई कॉलेज में अपनी प्रतिभाओं को साकार रूप देने और रोजगार के अवसर को तलाशने और रोजगार से कैसे जुड़े जिसका अवसर आज विद्यालय के बच्चो को प्राप्त हुआ। जिसमे विद्यालय के प्राचार्य राम जी वर्मा ,आईटी ट्रेड से शिक्षिका शिवानी सोनी मैडम और हेल्थ केयर ट्रेड के कमलेश साहू और स्कूल के शिक्षकों के नेतृत्व में उक्त भ्रमण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे जिला छिंदवाड़ा में उपस्थित एफ डी डी आई एवं मेडिकल अस्पताल के भ्रमण में छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की



जानकारियां प्राप्त की। जिसमें कमलेश साहू हेल्थ केयर शिक्षक एवं शिवानी सोनी शिक्षिका द्वारा इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी की जानकारी दी गई।इस अवसर पर शिक्षक सर्वेश श्रीवास्तव प्रशांत लिल्हारे श्री तिवारी एवं मानसी राय ने भी बच्चो को भविष्य में रोजगार हेतु मार्गदर्शित किया।

# जिले भर में मातृ-पितृ पूजन दिवस की धूम

**छिंदवाड़ा।** परम् पूज्य संत आशारामजी बापू द्वारा प्रेरित विश्व के 167 देशों में मनाया जाने वाला मातृ-पितृ पूजन दिवस की धूम पूरे जिले में है। जगह-जगह भागवत कथाओं में, स्कूलो में ,धार्मिक आयोजनों में यह कार्यक्रम सम्पन्न हो रहें हैं। बच्चों में, विद्यार्थियों में, युवाओं में अच्छे संस्कारों का सिंचन हों, अपने-अपने माता-पिता के प्रति पूज्य भाव प्रकट हो इस निमित्त यह आयोजन प्रतिवर्ष सम्पन्न कराए जातें हैं। शास्त्रों में आता है कि जो बच्चे अपने माता-पिता और गुरुजनों का आदर करते हैं वह चिरआदरणीय हो जाते हैं। सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश जी ने उनके माता-पिता का पूजन कर देवताओं में प्रथम पूजनीय होने का आशिर्वाद प्राप्त किया था। पूज्य बापूजी भी चाहते हैं कि विश्व का हर बच्चा भगवान गणेश जी जैसा बन जाये। श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में विकास खण्ड स्तरों पर जगह - जगह संकीर्तन यात्रा निकाल कर इस सम्बंध में साहित्य वितरण किये जा रहें हैं। अभी तक जिले के सैकड़ों स्कूलों के आलावा ग्राम मोआदई , सारंगबिहरी , बिछुआ के आसपास के सैकड़ों ग्रामों के माता-पिता का पूजन भागवत कथा में हो चुका है। इस प्रकार की सेवाएं देश के 551 आश्रम और 2500 समितियाँ नित्य विगत 2 माह से कर रही हैं। मुख्य आयोजन 14



फरवरी को सम्पन्न होगा। इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, सुभाष इंगले, बबलू माहोरे, सुजीत सूर्यवंशी, कैलाश राउत, गोवर्धन मालवीय , छाया सूर्यवंशी, रुपाली इंगले, डॉ. मीरा पराड़कर, करुणेश पाल, शकुंतला कराडे, श्रद्धा बहन, कंचन बहन और लंदन से लिंगा आश्रम आई वैशाली भुसारे सेवाए दे रहीं हैं।

# राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप के फैसले



**सुनील डंग**
पूर्व सदस्य, भारतीय प्रेस परिषद

अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यभार संभाला है। ट्रंप का ये दूसरा कार्यकाल है, उन्होंने इस से पहले 45वें राष्ट्रपति के रूप में अपना कार्यकाल पूरे किए था। वह अमेरिकी इतिहास में दूसरे ऐसे राष्ट्रपति हैं जो लगातार दो कार्यकाल तक राष्ट्रपति रहे हैं। पहले ग्रोवर क्लीवलैंड थे, जिन्होंने 1885-89और 1893-97 तक व्हाइट हाउस में 22वें और 24वें राष्ट्रपति के रूप में दो कार्यकाल पूरे किए थे। कड़ाके की ठंड के कारण 40 सालों में पहली बार अमेरिका में शपथ ग्रहण समारोह कैपिटल रोटुंडा के अंदर आयोजित हुआ। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ ली।

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। इसी के साथ उनके दूसरे कार्यकाल का आगाज हो गया है। उनके साथ उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली और उद्घाटन भाषण में अपनी नीतियों का खुलासा किया है। इस दौरान ट्रंप ने पनामा नहर, महंगाई, स्वास्थ्य सेवा, जलवायु आपातकाल और अपराधियों के संरक्षण जैसे मुद्दों पर बात की। दीं।

ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नेशनल स्टेच्युअरी हॉल में दोपहर भोज का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, उनके परिवार, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, कैबिनेट सदस्य और संसद सदस्यों समेत 200 अतिथि शामिल हुए

डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण में उनका पूरा परिवार शामिल होने पहुंचा था। उनकी पत्नी मेलानिया और बच्चे इवांका, डोनाल्ड जूनियर, एरिक, बैरन, टिफनी समारोह में शामिल हुए। इसी दौरान ये हुआ कि डोनाल्ड ट्रंप अपनी पत्नी मेलानिया के पास गए। दोनों ने एक-दूसरे को किस करने के लिए चेहरा बढ़ाया लेकिन मेलानिया की बड़ी टोपी ने ट्रंप को किस नहीं करने दिया। कैपिटल रोटुंडा में हुए इस अजीबोगरीब वाकये के होने के बाद ट्रंप आगे बढ़ गए और मेलानिया भी मुस्कुरा डोनाल्ड ट्रंप ने अपने शपथग्रहण के तुरंत बाद उद्घाटन भाषण में व्यापक कार्यकारी आदेशों की घोषणा की बात कही थी। अपने दूसरे कार्यकाल के पहले दिन ही ट्रंप ने आदेशों पर हस्ताक्षर करना शुरू कर दिया है।

अपने कार्यकाल के पहले दिन ट्रंप ने जिन आदेशों पर दस्तखत किए हैं, उनमें पेरिस जलवायु संधि से हटने, टिकटॉक को बैन से राहत देने, कैपिटल हिल मामले में माफी और संघीय कर्मचारियों को पूर्णकालिक रूप से काम पर लौटने की आवश्यकता शामिल है। ट्रंप ने शपथ लेने के कुछ घंटों के अंदर ही बड़ी संख्या में कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं।

### डोनाल्ड ट्रंप के पहले दिन के बड़े कार्यकारी आदेश-

- अमेरिका पेरिस जलवायु समझौते से हट गया है। अमेरिका ने इस कदम के बारे में संयुक्त राष्ट्र को सूचित कर दिया है।
- डोनाल्ड ट्रंप ने 6 जनवरी, 2021 को अमेरिकी कैपिटल पर हमले के लिए दोषी ठहराए गए 1500 लोगों को माफ कर दिया।
- अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने %स्वतंत्र भाषण की बहाली% और सरकारी सेंसरशिप की रोकथाम का आदेश जारी किया है।
- डोनाल्ड ट्रंप ने 90 दिनों तक टिकटॉक को चालू रखने का आदेश दिया है। अमेरिका में शनिवार को टिकटॉक बंद हो गया था।
- ट्रंप ने एक अहम फैसला लेते हुए अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन से बाहर कर लिया है। अमेरिका इसका हिस्सा नहीं होगा।
- डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के समय के 78 आदेशों को भी रद्द कर दिया है। बाइडन 2020 में प्रेसीडेंट बने थे।
- डोनाल्ड ट्रंप ने किसी भी नए विनियमन पर रोक लगा दी है। साथ ही संघीय भर्ती पर रोक लगाने का भी फैसला लिया गया है।
- ट्रंप के नए आदेश के तहत संघीय कर्मचारियों को घर से काम करने के बजाय पूर्ण रूप से कार्यालय में लौटने की जरूरत होगी।
- ट्रंप ने पिछले प्रशासन के राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ सरकार के हथियारीकरण को खत्म करने का भी आदेश दिया है।

### कैसे काम करता है कार्यकारी आदेश

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान कार्यकारी आदेशों के अपने पहले बैच पर हस्ताक्षर किए हैं। कार्यकारी आदेश प्रमुख नीतिगत एजेंडा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यकारी आदेश को अमेरिकी राष्ट्रपति बिना कैबिनेट की मंजूरी के जारी कर सकता है, हालांकि ऐसा भी नहीं नहीं है कि राष्ट्रपति बिना चुनौती के आदेश लागू कर सकते हैं।

अमेरिका में एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जरिए सारे फैसले लेने की एक सीमा है। ऐसे ऑर्डर केवल उन्हीं मामलों पर लागू हो सकते हैं, जिसपर संविधान में पहले से कोई बात हो। अगर आदेश किसी कानून के खिलाफ जाए, तो कांग्रेस इसे चुनौती दे सकती है। अदालत में भी कार्यकारी आदेशों को चुनौती दी जा सकती है।

# भोपाल के कलेक्टोरेट के बाहर गाड़ी में आग लगाई

## प्रॉपर्टी विवाद की शिकायत लेकर पहुंचा था परिवार; आग में झुलसने से बचा

**भोपाल।** भोपाल के कलेक्टर ऑफिस के गेट पर खड़ी एक फोर व्हीलर में मंगलवार दोपहर एक युवक ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गाड़ी में भूसा भरा था। इससे यह कुछ देर में ही जलकर खाक हो गई। बताया जाता है कि प्रॉपर्टी विवाद की शिकायत लेकर परिवार कलेक्टोरेट पहुंचा था। सुनवाई नहीं होने से नाराज होकर गाड़ी में खुद ही आग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इन्होंने आत्मदाह की कोशिश भी की।



कलेक्टोरेट गेट पर धुं-धुं जल रही गाड़ी से हड़कंप मच गया। तुरंत फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। करीब 20 मिनट में आग पर काबू पाया जा सका। कोहेफिजा पुलिस भी मौके पर पहुंची और एक युवक को पकड़ लिया। सूमो (एमपी 04 एच- 9336) में %जिला महामंत्री महाराणा प्रताप युवा संगठन भोपाल% लिखी एक प्लेट भी रखी मिली। एएसआई जागरिया झा ने बताया, एक युवक गाड़ी के ऊपर चढ़ा था। तुरंत उसे हटाया और आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक परिवार आत्महत्या के इरादे से आया था। उसी ने आग लगाई थी। एक युवक हल्का झुलस गया। उस पर पानी डाला। कोई गंभीर नहीं है।

जानकारी के अनुसार, शक्करबाई पति रघुनाथ सिंह, बेटा होतम सिंह, राय सिंह, बेटी चंदाबाई, शीलाबाई निवासी ग्राम बरखेड़ा नाथू कलेक्टोरेट में शिकायत लेकर पहुंचे थे। पैतृक संपत्ति हड़पने की शिकायत थी। जनसुनवाई में शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं होने पर उनकी नाराजगी थी और इसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया।जिस समय गाड़ी में आग लगाने का मामला हुआ, तब मीटिंग हॉल में जनसुनवाई चल रही थी। इससे हड़कंप मच गया। गेट पर ही लोगों को रोक दिया गया। ताकि, कोई हादसा न हो। पास में ही अफसरों की गाड़ियां भी खड़ी थीं। जिन्हें ड्राइवरों ने तत्काल हटाया। जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह, एडीएम सिद्धार्थ जैन, एसडीएम विनोद सोनकिया भी मौके पर पहुंचे।

# तेज रफ्तार थार की टक्कर से लोडिंग ट्रक पलटा: भोपाल के एयरपोर्ट रोड की घटना, 5 घायल; पुलिस जांच में जुटी

**भोपाल।** एयरपोर्ट रोड पर तेज रफ्तार थार कार की टक्कर से लोडिंग ट्रक पलट गया। घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, हादसे में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। थार में सवार चारों युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल सभी की हालत



स्थिर बताई जा रही है।

गांधी नगर पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार थार परवलिया से गांधी नगर की तरफ आ रही थी। ट्रक को पीछे से टक्कर मारने के कारण लोडिंग ट्रक पलट गया। हादसे में लोडिंग ट्रक चालक और थार में सवार सभी चारों युवकों को चोटें आईं, लेकिन कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। हालांकि कार और ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### टक्कर इतनी तेज की डिवाइडर पर चढ़ पलटा ट्रक

जानकारी के अनुसार, होली फैमिली स्कूल के सामने पुल पर एयरपोर्ट रोड से गांधी नगर की ओर जा रही तेज रफ्तार थार ने आगे चल रहे ट्रक को टक्कर मारी। यह टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। मौके पर गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को तुरंत निजी अस्पताल भिजवाया और घटना की जांच शुरू कर दी है।

# मप्र: कोहरे से मुंबई-इंदौर फ्लाइट डायवर्ट, कई शहरों में तेज धूप से चढ़ा पारा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सुबह कोहरे के बाद दिन में धूप निकल रही है। कई शहरों में लोगों को सर्दी से राहत मिली है। मंगलवार सुबह भोपाल, रीवा-सतना समेत 14 जिलों में हल्का मध्यम कोहरा छाया। जबलपुर में घने कोहरे के साथ सर्द हवा चली। इंदौर में कोहरे के कारण मुंबई से आने वाली फ्लाइट नंबर 6श्व294 लैंड नहीं हो सकी। उसे भोपाल डायवर्ट करना पड़ा।

मुंबई से इंडिगो की फ्लाइट ने सुबह 6.40 बजे की जगह 6.54 पर टेक-ऑफ किया था। इसे तय समय पर 8 बजे इंदौर आना था लेकिन यहां कोहरा अधिक होने के कारण फ्लाइट को भोपाल डायवर्ट किया गया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, भोपाल से यात्रियों को बस के जरिए इंदौर भेजा गया।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, आज ग्वालियर-चंबल में हल्की बारिश होने का अनुमान है। 2 दिन के बाद तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। बुधवार को निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा रहेगा। ग्वालियर, श्योपुर, दतिया, मुरैना, भिंड में हल्की बारिश हो सकती है।

### बर्फीली हवा का असर कम


मध्यप्रदेश में अभी मौसम का मिला-जुला असर है। कहीं रात में तेज ठंड है तो कुछ शहरों में पारा 10 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है। सुबह के समय मध्यम से घना कोहरा और दिन में गर्मी बढ़ रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से ये बदलाव देखने को मिल रहा है।

### पूर्वी हिस्से में ठंड, भोपाल-जबलपुर में 10 डिग्री से नीचे पारा

प्रदेश के पूर्वी हिस्से में ठंड का असर है। रविवार-सोमवार की रात में मंडला में पारा 5 डिग्री सेल्सियस रहा। शहडोल के कल्याणपुर में 5.1 डिग्री, पचमढ़ी में 6.5 डिग्री, मलाजखंड में 6.9 डिग्री, उमरिया में 7.4 डिग्री, नौगांव में 8.5 डिग्री, राजगढ़ में 9.4 डिग्री और रायसेन-सतना में 9.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

वहीं, बड़े शहरों में जबलपुर में 8.6 डिग्री और भोपाल में 9.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। बाकी शहरों में पारा 10 डिग्री से अधिक रहा। इधर, सोमवार सुबह कई शहरों में कोहरे का असर देखने को मिला। वहीं, कई शहरों में दिन में पारे में बढ़ोतरी हुई।

# ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में 11वीं के छात्र ने ट्रेन की पटरी पर जान दी!



**भोपाल।** ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में एक और जान चली गई। कुर्बान होने की चर्चा सामने आई। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई। मामला भोपाल का है, जहां 11वीं के एक स्टूडेंट का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के परिवार का कहना है कि दिनभर फ्री फायर गेम खेलता रहता था। गेम के सभी टास्क भी पूरे करता था। ऐसे में परिवार को शक है कि बच्चे की जान गेम के किसी टास्क को पूरा करने के चक्कर में गई है।

11वीं कक्षा के जिस छात्र की मौत हुई है, उसका नाम मृत्युंजय शर्मा है। मृत्युंजय की डेड बॉडी छोला मंदिर इलाके से बरामद हुई। वह भानपुर मल्टी का रहने वाला था और दिनभर फ्री फायर' ऑनलाइन गेम खेलता था। इसके अलावा वो ऑनलाइन गेम में मिलने वाले टास्क भी पूरे करता था।

परिजनों को अंदेशा है कि ऑनलाइन गेम का टास्क पूरा करने के लिए ही वह ट्रेन की पटरी पर गया होगा, जहां ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई। बच्चे की मौत से पूरा परिवार स्तब्ध है। घरवालों का रोते-रोते बुरा हाल हो रहा है। बहन के आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

### मृतक की मां और बहन सुंदरकांड के कार्यक्रम में गई

पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात, मृतुंजय शर्मा की मां और बहन रिश्तेदारों के घर सुंदरकांड कार्यक्रम में गईं थी और पिता ऑटो लेकर बाहर गए थे। तभी पुलिस ने सूचना दी कि मृत्युंजय ट्रेन की चपेट में आकर मारा गया। शुरुआती जांच से यह संकेत मिलते हैं कि मृत्युंजय किसी ऑनलाइन गेमिंग टास्क को पूरा करने के प्रयास में ट्रेन के सामने पटरी पर गया था, जिस कारण उसकी दुखद मृत्यु हुई। छोला मंदिर थाना पुलिस हर पहलुओं पर जांच कर रही है।



आरोपियों न

# बिल्डर्स ने बेची 110 करोड़ रुपए की मॉर्टगेज जमीन

## पुणे की कंपनी के संचालकों पर एफआईआर, नामांतरण कराने तहसील में दी तीन बैंक की एनओसी

**भोपाल।** कोलार पुलिस ने पुणे से संचालित सृष्टि ट्रेड कॉम कंपनी के तीन संचालकों पर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने के मामले में स्नढ्ढक्रदर्ज की है। आरोपियों ने बैंक की मॉर्टगेज संपत्ति को फर्जीवाड़ा कर बेच दिया। इस जमीन पर पहले से करीब 110 करोड़ रुपए का लोन अलग-अलग बैंक से है। इतना ही नहीं बेची गई कुल पौने पांच एकड़ जमीन में शामिल एक एकड़ जमीन अन्य बिल्डर्स की थी। इस जमीन की कीमत भी आरोपियों ने नहीं चुकाई। जिसका केस पहले से ही तहसील में लंबित है।



एसआई मनोज यादव ने बताया कि सृष्टि ट्रेड कॉम लिमिटेड कंपनी का संचालन राजेश जैन, राजीव श्रीवास्तव और आनंद पाण्डेय करते हैं। कंपनी की करीब पौने चार एकड़ जमीन बावड़िया कलां शाहपुरा में स्थित है। जमीन से लगी एक एकड़ जमीन का टुकड़ा फरियादी राम कुमार सिंह (52) पुत्र केशव सिंह का है। रामकुमार आरएसआर हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टर हैं।

राजेश और उनके दोनों सहयोगियों ने वर्ष 2011 में रामकुमार की एक एकड़ जमीन का सौदा 3.84 करोड़ रुपए में किया था। पोस्ट डेट चेक (पीडीसी) के आधार पर जमीन की रजिस्ट्री करा ली। बाद में एक भी चेक क्लियर नहीं हुआ। जिसके बाद रामकुमार सिंह ने आपत्ति लगाते हुए रजिस्ट्रार ऑफिस में रजिस्ट्री कैंसिल करने का आवेदन दिया।

**फर्जी तरीके से बेच दी पूरी जमीन-** 2024 में सृष्टि ट्रेड कॉम लिमिटेड कंपनी के तीनों पदाधिकारियों ने अपनी पौने तीन और रामकुमार की एक एकड़ कुल पौने पांच एकड़ जमीन का सौदा शिव कंस्ट्रक्शन कंपनी से कर दिया। जमीन की रजिस्ट्रार कार्यालय से फर्जी तरीके से रजिस्ट्री भी करा दी। इस रजिस्ट्री के आधार पर आरोपी कोलार तहसील में नामांतरण कराने पहुंच गए।

### ऐसे खुला मॉर्टगेज संपत्ति बेचने का राज

नामांतरण के पूर्व रामकुमार ने एक बार फिर आपत्ति लगा दी। उन्होंने तहसील कार्यालय में जानकारी दी कि कुल पौने पांच एकड़ जमीन में एक एकड़ जमीन उनकी है, जिसे फर्जी तरीके से बेचा गया है। इसी के साथ कुल जमीन पर फर्जीवाड़ा कर तीन अलग-अलग बैंक से 110 करोड़ रुपए का लोन भी ले रखा है।

जब तहसीलदार ने विवादित जमीन का नामांतरण करने से इनकार कर दिया तो आरोपियों ने कुछ ही दिनों में तीनों बैंक की फर्जी एनओसी तैयार कर तहसील कार्यालय में पेश कर दी। जिसके बाद फरियादी ने थाने में शिकायत की। शिकायती आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने सोमवार को एफआईआर दर्ज कर ली। फिलहाल किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है।

# मप्र मदरसा बोर्ड की कक्षा 10वीं-12वीं उर्दू माध्यम के परीक्षा आवेदन 31 मार्च तक

**भोपाल।** म.प्र. मदरसा बोर्ड की सत्र 2025 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं-12वीं उर्दू माध्यम की परीक्षाओं के आवेदन-पत्र भरने की सुविधा अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से 20 जनवरी से शुरू हो गई है। जो 31 मार्च 2025 तक जारी रहेगी। इस अवधि के दौरान एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जा सकेंगे। आवेदन-पत्रों में त्रुटि सुधार 10 अप्रैल तक किया जा सकता है।

ऑनलाइन आवेदन के पश्चात मूल दस्तावेज 15 अप्रैल 2025 तक भेजे जाना अनिवार्य है। इन परीक्षाओं को भारत सरकार एवं राज्य शासन से मान्यता एवं समकक्षता प्राप्त है। बोर्ड ने परीक्षा फॉर्म भरने जा रहे हैं विद्यार्थियों के लिए संदेश जारी करते हुए कहा है कि अधिकृत अध्ययन केन्द्रों एवं छात्र आवेदन-पत्र भरने से पूर्व बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों का भलिभांति अवलोकन कर लें, जिससे की आवेदन-पत्रों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

# गोवा में विला बुकिंग के नाम पर देशभर के 500 लोगों से ठगी, ग्वालियर में धराया आरोपी

**ग्वालियर।** गोवा में विला बुकिंग के नाम पर फर्जीवाड़ा कर देशभर के करीब 500 पर्यटकों को ठगने का मामला सामने आया है। फर्जीवाड़ा करने वाली गैंग का एक सदस्य ग्वालियर का रहने वाला है, जो गोवा और ग्वालियर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सोमवार को ग्वालियर के डीडी नगर इलाके से पकड़ा गया।

इस आरोपी को गोवा पुलिस की टीम अपने साथ लेकर रवाना हो गई है। इन लोगों ने बुकिंग डॉट कॉम (ब्क्रश्शद्मद्बठ्ठद्द.ष्शद्व) जैसी बड़ी वेबसाइट पर अलग-अलग विला के फोटो डाल रखे थे। इनकी बुकिंग के नाम पर पर्यटकों से एडवांस रुपए जमा कराए। जब पर्यटक मौके पर पहुंचे तो यहां कुछ नहीं मिला।



**ऐसे हुआ फर्जीवाड़े का खुलासा-** चंडीगढ़ के पर्यटक की शिकायत के बाद इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। इस मामले में तीन और आरोपी हैं, जो हैदराबाद और जयपुर के रहने वाले हैं। अब पुलिस इनकी तलाश में जुट गई है।

चंडीगढ़ के रहने वाले पंकज धीमान को गोवा जाना था। गोवा में उन्होंने एक विला की बुकिंग ऑनलाइन की। बुकिंग के एवज में 20 हजार रुपए ऑनलाइन भुगतान किया। परिवार के साथ उस पते पर पहुंचे, तो वहां कुछ नहीं मिला। तब पता लगा कि उनके साथ ठगी हुई है। उन्होंने अंजुना पुलिस स्टेशन पहुंचकर शिकायत की। एक आरोपी की पहचान देवेश परिहार उम्र 30 वर्ष निवासी टीकाराम चक्की के पास निम्बाजी की खोह, ग्वालियर के रूप में हुई।

इस आरोपी की तलाश में गोवा के अंजुना पुलिस स्टेशन की टीम ग्वालियर पहुंची। एसपी धर्मवीर सिंह ने क्राइम ब्रांच की टीम को गोवा पुलिस की टीम के साथ भेजा। शाम को डीडी नगर से देवेश परिहार को पकड़ लिया गया।

### पार्ट टाइम नौकरी के नाम पर फंसाया, युवक से 21 लाख रुपए ठगे

ठगी से जुड़े एक अन्य मामले में ग्वालियर के के सिटी सेंटर इलाके में रहने वाले युवक के साथ 21 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। युवक को पार्ट टाइम नौकरी के नाम पर फंसाया गया।

कुछ पैसा निवेश कराने के बाद पोस्ट को लाइक, कमेंट और रेटिंग देने का काम दिया गया। कुछ पैसा उसके खाते में भेजा गया। जिससे उसे विश्वास हो जाए। इसके बाद उसे अलग-अलग स्कीम में निवेश और मोटा मुनाफे का लालच दिया गया। इस तरह करीब 21 लाख रुपए जमा करा लिए।

ठगों ने बाकायदा डमी पे-वॉलेट तक तैयार किया, इसमें उसकी राशि लगभग दोगुनी दिख रही थी। जब उसने पैसा खाते में ट्रांसफर करने का प्रयास किया तो नहीं हुआ। कॉल सेंटर पर बात की तो उससे कहा कि आधा पैसा टैक्स के रूप में जमा करना होगा, तब पूरा पैसा रिलीज होगा।

युवक ने साइबर क्राइम विंग में शिकायत की है। युवक का नाम आशीष कुमार है। वह निजी कंपनी में काम करता है। कुछ समय पहले उसकी नजर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर पड़ी थी। यहां उसे पार्ट टाइम नौकरी के जरिए लाखों रुपए कमाई का लालच दिया गया। इसके बाद वह फंसता चला गया।

पहले कुछ रुपए जमा कराए। इसके बाद अलग-अलग स्कीम के नाम पर करीब 21 लाख रुपए जमा करा लिए। तब उसे ठगी का अहसास हुआ।